# सीएसआईआर- प्रगत पदार्थ तथा प्रक्रम अनुसंधान संस्थान (एम्प्री)

# CSIR- Advanced Materials and Processes Research Institute (AMPRI)

(वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद् )

(Council of Scientific and Industrial Research)

नर्मदापुरम रोड, हबीबगंज नाका के पास, भोपाल-462026 (म.प्र.)

Narmadapuram Road, Near Habibganj Naka, Bhopal-462026

## विज्ञापन संख्या : RECT- 02/2026

## Advertisement No. RECT - 02/2026

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के विकास का हिस्सा बनने का एक अनूठा अवसर

**A unique opportunity to be part of Development of Science & Technology**

**"टेक्निकल ऑफिसर / सिक्योरिटी ऑफिसर / सिक्योरिटी असिस्टेंट / टेक्नीशियन (1) / मल्टी-टास्किंग स्टाफ के पद के लिए भर्ती" हेतु एक्सेस लिंक "https://ampri.res.in/"**

**Access link for "Recruitment for the post of Technical Officer / Security Officer / Security Assistant / Technician (1) / Multi-Tasking Staff on https://ampri.res.in/**

| | | |
|---|---|---|
| ऑनलाइन आवेदन की तिथि<br>Date of Online Application | Technical Officer,<br>Technician (1) | 07.10.2026 to 06.11.2026 |
| | Security Officer,<br>Security Assistant,<br>Multi Tasking Staff | 15.10.2026 to 16.11.2026 |

**(इसके बाद वेबसाइट लिंक निष्क्रिय हो जाएगा / Thereafter website link will be disabled)**

सीएसआईआर-प्रगत पदार्थ तथा प्रक्रम अनुसंधान संस्थान (एम्प्री), भोपाल [वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) की एक घटक प्रयोगशाला, जो वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत एक स्वायत्त निकाय है] देश के प्रमुख अनुसंधान एवं विकास (R&D) संस्थानों में से एक है, जो प्रगत पदार्थों के क्षेत्र में उच्च गुणवत्तायुक्त अनुसंधान करने के लिए समर्पित है और संभावनाशील प्रौद्योगिकियों के विकास में संलग्न है।

CSIR- Advanced Materials & Processes Research Institute (AMPRI), Bhopal [A constituent laboratory of Council of Scientific and Industrial Research (CSIR), an Autonomous body under Department of Scientific & industrial Research, Ministry of Science & Technology, Govt. of India] is one of the premier R&D Institutions in the country dedicated in conducting high-quality research in the area of Advanced Materials and is engaged in developing promising technologies.

तकनीकी एवं पृथक पदों के लिए योग्य भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। उत्कृष्ट शैक्षणिक पृष्ठभूमि और आवश्यक कौशल रखने वाले उम्मीदवारों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। पात्रता मानदंड और रिक्तियों का विस्तृत विवरण नीचे दिया गया है।

Inviting applications from qualified Indian citizens for the posts of Technical and Isolated Posts. Candidates with excellent academic backgrounds and the necessary skill sets are encouraged to apply. Detailed eligibility criteria and vacancy information are provided below.

| पद का नाम और पद कोड<br>Name of the Post and Post Code | पदों की संख्या तथा आरक्षण की स्थिति<br>Number of Posts and Reservation Status | पे मैट्रिक्स लेवल<br>Pay Matrix Level | कुल परिलब्धियां[#]<br>Total Emoluments[#] | ऊपरी आयु सीमा [##]<br>(ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि तक)<br>Upper Age Limit[##] (As on the last date of submission of online applications) |
|---|---|---|---|---|
| तकनीकी अधिकारी<br>Technical Officer | 07<br>(UR-06, SC-01) | Pay Level 7<br>₹44900-142400 | ₹86,580/-<br>(approximately) | 30 years |
| सुरक्षा अधिकारी<br>Security Officer | 01<br>(UR-01) | Pay Level 7<br>₹44900-142400 | ₹86,580/-<br>(approximately) | 35 years |
| सुरक्षा सहायक<br>Security Assistant | 01<br>(UR-01) | Level-06<br>(Rs. 35400-112400) | Rs. 66,500/-<br>(approximately) | 28 years |
| तकनीशियन (1)<br>Technician (1)[$] | 04<br>(UR-03, ST-01) | Level-02<br>(Rs. 19,900-63,200) | Rs. 37,000/-<br>(approximately) | 28 years |
| मल्टी टास्किंग स्टाफ<br>Multi Tasking Staff | 01<br>(UR-01) | Level-01<br>(Rs. 18000-56900) | Rs. 33,650/-<br>(approximately) | 25 years |

[#] कुल परिलब्धियाँ का अर्थ है 'वाई' श्रेणी के शहर में वेतन स्तर (Pay Level) के न्यूनतम पर लगभग कुल परिलब्धियाँ, जिसमें मूल वेतन, महंगाई भत्ता (DA), मकान किराया भत्ता (HRA), परिवहन भत्ता (TA) आदि शामिल हैं।

[##] - कृपया आयु सीमा और छूट कॉलम के अंतर्गत आयु में छूट देखें।

$ - इनमें से 02 पद (पद कोड TC-03 एवं TC-04) आगामी एक वर्ष के भीतर अधिवर्षिता (सेवानिवृत्ति) से उत्पन्न होने वाली संभावित रिक्तियाँ हैं। कृपया "सामान्य जानकारी और शर्तें" का खंड 2(29) देखें।

प्रयुक्त संक्षिप्ताक्षर: UR - अनारक्षित, SC - अनुसूचित जाति, ST - अनुसूचित जनजाति, OBC(NCL) - अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन-क्रीमी लेयर), EWS - आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग।

[#] - Total Emoluments means approximate total emoluments on minimum of Pay Level inclusive of Basic Pay, Dearness Allowance (DA), House Rent Allowance (HRA), Transport Allowance (TA) etc. in Class 'Y' City.

[##] - Please see age relaxation under Age limit & Relaxations column.

$ - Includes 02 posts (Post Codes TC-03 and TC-04) which are anticipated vacancies arising on superannuation within the next one year. Please see Clause 2(29) of "General information and conditions".

Abbreviations used: UR - Unreserved, SC - Scheduled Caste, ST - Scheduled Tribe, OBC(NCL) - Other Backward Class (Non-Creamy Layer), EWS (Economically Weaker Section)

**विज्ञापित पदों का विवरण:**

| पद एवं पदों की संख्या | पद कोड एवं श्रेणी | अनिवार्य योग्यता | कार्य/भूमिका का विवरण |
|---|---|---|---|
| तकनीकी अधिकारी - (01 पद) | **TO-01** (अनारक्षित) | न्यूनतम 55% अंकों (या समकक्ष CGPA) के साथ मटेरियल साइंस / फिजिक्स में M.Sc. या समकक्ष। | संस्थान की सेंट्रल मैटेरियल्स कैरेक्टराइजेशन सुविधा का संचालन, रखरखाव और दैनिक प्रबंधन। धातुओं, मिश्र धातुओं, सिरेमिक, कंपोजिट और कार्बन-आधारित सामग्रियों के नमूने तैयार करना तथा उनकी संरचनात्मक, सूक्ष्म-संरचनात्मक एवं तापीय विशेषताओं का अध्ययन (कैरेक्टराइजेशन) करना; इन-हाउस आरएंडडी परियोजनाओं तथा बाहरी परीक्षण/विश्लेषणात्मक सेवाओं के लिए परीक्षण डेटा उत्पन्न करना, प्रोसेस करना और रिपोर्ट तैयार करना; उपकरण लॉगबुक, कैलिब्रेशन और एएमसी रिकॉर्ड, उपभोग्य सामग्री सूची तथा प्रयोगशाला सुरक्षा अनुपालन को बनाए रखना। |
| तकनीकी अधिकारी - (01 पद) | **TO-02** (अनारक्षित) | न्यूनतम 55% अंकों (या समकक्ष CGPA) के साथ MCA (मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन) या समकक्ष। | संस्थान के आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर - सर्वर, लैन/वाई-फाई नेटवर्क, ई-मेल, आधिकारिक वेबसाइट और डेटाबेस का प्रबंधन और रखरखाव। इन-हाउस वेब/डेटाबेस एप्लिकेशन और प्रबंधन सूचना प्रणाली का विकास और रखरखाव; ई-ऑफिस, जेम और अन्य ई-गवर्नेंस प्लेटफॉर्म को सहायता; साइबर सुरक्षा अनुपालन, डेटा बैकअप और आपदा पुनर्प्राप्ति (डिजास्टर रिकवरी) सुनिश्चित करना; उपयोगकर्ता सहायता एवं प्रशिक्षण। |
| तकनीकी अधिकारी - (03 पद) | **TO-03** (अनारक्षित-02, अ.जा.-01) | न्यूनतम 55% अंकों (या समकक्ष CGPA) के साथ केमिस्ट्री / एप्लाइड केमिस्ट्री / केमिकल साइंसेज में M.Sc. या समकक्ष। | संस्थान की रासायनिक और विश्लेषणात्मक प्रयोगशाला सुविधाओं का संचालन एवं रखरखाव। फंक्शनल कार्बन, टिकाऊ पॉलिमर एवं कंपोजिट, ऊर्जा-भंडारण सामग्री, जियोपॉलिमर एवं निर्माण रसायन, बायोमास वैलराइजेशन, वाटर रेमेडिएट और पर्यावरणीय विश्लेषण पर आरएंडडी के समर्थन |

| पद एवं पदों की संख्या | पद कोड एवं श्रेणी | अनिवार्य योग्यता | कार्य/भूमिका का विवरण |
|---|---|---|---|
| | | | में संश्लेषण, नमूना तैयार करना और विश्लेषणात्मक लक्षण वर्णन करना; नियमित, संदर्भित एवं प्रायोजित परीक्षण करना और परीक्षण रिपोर्ट तैयार करना; रासायनिक सूची, उपकरण कैलिब्रेशन रिकॉर्ड, प्रयोगशाला सुरक्षा और रासायनिक-अपशिष्ट निपटान अनुपालन को बनाए रखना। |
| तकनीकी अधिकारी - (01 पद) | **TO-04** (अनारक्षित) | न्यूनतम 55% अंकों (या समकक्ष CGPA) के साथ मैकेनिकल इंजीनियरिंग / धातुकर्म / धातुकर्म इंजीनियरिंग में B.E. / B.Tech या समकक्ष। | संस्थान की पायलट-स्केल मेल्टिंग, कास्टिंग, फॉर्मिंग और मशीनिंग सुविधाओं तथा यांत्रिक परीक्षण (मैकेनिकल टेस्टिंग) प्रयोगशाला का संचालन एवं पर्यवेक्षण। घटकों (कंपोनेंट्स), टेस्ट रिग्स और प्रोटोटाइप के निर्माण में सहायता; इंजीनियरिंग ड्राइंग, प्रोसेस शीट और जॉब एस्टिमेट तैयार करना; आईएस / एएसटीएम (IS / ASTM) मानकों के अनुसार यांत्रिक और धातुकर्म परीक्षण करना एवं परीक्षण रिपोर्ट तैयार करना; निवारक रखरखाव (प्रिवेंटिव मेंटेनेंस) और एएमसी समन्वय सहित मशीनरी, उपकरण और उपयोगिताओं (यूटिलिटीज) का रखरखाव; कार्यशाला (वर्कशॉप) सुरक्षा अनुपालन तथा जॉब एवं स्टॉक रिकॉर्ड का रखरखाव सुनिश्चित करना। |
| तकनीकी अधिकारी - (01 पद) | **TO-05** (अनारक्षित) | न्यूनतम 55% अंकों (या समकक्ष CGPA) के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स / इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग में B.E. / B.Tech या समकक्ष। | पर्यावरण और ध्वनिक निगरानी प्रणालियों (SODAR, नॉइज़ मैपिंग, परिवेशी वायु-गुणवत्ता) तथा उच्च स्तरीय विश्लेषणात्मक उपकरणों के इलेक्ट्रॉनिक्स सहित संस्थान की इलेक्ट्रॉनिक और इंस्ट्रूमेंटेशन सुविधाओं का संचालन, अंशांकन (कैलिब्रेशन) और रखरखाव। सेंसर-नेटवर्क इंस्टालेशन और डेटा अधिग्रहण (एक्विजिशन) को संभालना; खराबी का पता लगाना, सुधारना और निवारक रखरखाव करना; एएमसी और सेवा |

| पद एवं पदों की संख्या | पद कोड एवं श्रेणी | अनिवार्य योग्यता | कार्य/भूमिका का विवरण |
|---|---|---|---|
| | | | अनुबंधों का समन्वय करना; कैलिब्रेशन और उपकरण-इतिहास रिकॉर्ड बनाए रखना; इंस्ट्रूमेंटेशन की खरीद के लिए तकनीकी विनिर्देश तैयार करना और ऑफ़र का मूल्यांकन करना। |
| सुरक्षा अधिकारी - (01 पद) | **SO-01** (अनारक्षित) | सुरक्षा क्षेत्र में न्यूनतम 10 वर्षों के अनुभव के साथ पूर्व सैनिक JCO (सूबेदार या उच्च पद) या अन्य अर्धसैनिक बलों (Para-military forces) में समकक्ष पद।<br>हालांकि, शॉर्ट सर्विस कमीशंड अधिकारियों और CRPF/BSF/ITBP आदि में सहायक कमांडेंट के पद पर कार्यरत उन उम्मीदवारों के लिए आवश्यक अनुभव 05 वर्ष होगा, जिनका वेतनमान रुपये 8,000-13,500 (पूर्व-संशोधित) हो। अर्धसैनिक बलों के इंस्पेक्टर के मामले में, आवश्यक अनुभव की अवधि 10 वर्ष होगी। | सीएसआईआर-एम्प्री के कार्यालय परिसर, आवासीय कॉलोनियों और गेस्ट हाउस सुविधाओं में चौबीसों घंटे समग्र सुरक्षा, सतर्कता, अग्निशमन और सुरक्षा मानकों के लिए जिम्मेदार। मुख्य कर्तव्यों में कर्मियों और सामान के लिए पहुंच नियंत्रण (एक्सेस कंट्रोल) को विनियमित करना, नियमित और आउटसोर्स सुरक्षा कर्मचारियों का पर्यवेक्षण करना, संविदात्मक प्रदर्शन की निगरानी करना, रिकॉर्ड बनाए रखना, स्थानीय पुलिस अधिकारियों के साथ संपर्क स्थापित करना और सक्षम प्राधिकारी द्वारा सौंपे गए अतिरिक्त कार्यों को पूरा करना शामिल है। |
| सुरक्षा सहायक - (01 पद) | **SA-01** (अनारक्षित) | सेना में भूतपूर्व सैनिक जेसीओ अथवा अन्य अर्धसैनिक बलों में समकक्ष, सुरक्षा कार्य में पांच वर्ष का अनुभव रखने वाले जेसीओ के रूप में | सीएसआईआर-एम्प्री के कार्यालय, आवासीय और गेस्ट हाउस सुविधाओं में दैनिक सुरक्षा और संचालन का प्रबंधन करता है। कर्तव्यों में गेट एवं एक्सेस कंट्रोल, गश्त, शिफ्ट ड्यूटी, सुरक्षा कर्मियों का पर्यवेक्षण, सुरक्षा रजिस्टरों और घटना रिकॉर्ड का रखरखाव, आग और आपातकालीन अभ्यासों (ड्रिल) में सहायता करना और सक्षम प्राधिकारी द्वारा सौंपे गए अतिरिक्त कार्यों को करना शामिल है। इस भूमिका के लिए बुनियादी कंप्यूटर दक्षता की आवश्यकता है। |
| तकनीशियन (1) - (01 पद) | **TC-01** (अनारक्षित) | विज्ञान विषयों के साथ SSC / 10वीं कक्षा या समकक्ष परीक्षा में न्यूनतम 55% अंक और इंस्ट्रूमेंट मैकेनिक | प्रयोगशाला और वैज्ञानिक उपकरणों की स्थापना (इंस्टालेशन), संचालन, नियमित सर्विसिंग और निवारक रखरखाव में सहायता |

| पद एवं पदों की संख्या | पद कोड एवं श्रेणी | अनिवार्य योग्यता | कार्य/भूमिका का विवरण |
|---|---|---|---|
| | | प्रोग्राम/ट्रेड में ITI प्रमाण पत्र या राष्ट्रीय / राज्य ट्रेड प्रमाण पत्र ।<br>अथवा<br>विज्ञान विषयों के साथ SSC / 10वीं कक्षा या समकक्ष परीक्षा में न्यूनतम 55% अंक और किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से इंस्ट्रूमेंट मैकेनिक ट्रेड में अप्रेंटिस प्रशिक्षु के रूप में 2 साल का पूर्णकालिक अनुभव।<br>अथवा<br>विज्ञान विषयों के साथ SSC / 10वीं कक्षा या समकक्ष परीक्षा में न्यूनतम 55% अंक और किसी मंत्रालय / विभाग / संगठन / सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (PSU) / स्वायत्त निकाय में इंस्ट्रूमेंट मैकेनिक के रूप में 3 साल का कार्य अनुभव। | करना। खराबी का पता लगाना और छोटी-मोटे मरम्मत कार्य करना; अंशांकन (कैलिब्रेशन) गतिविधियों का समर्थन करना; प्रयोगात्मक सेटअप और मापन में वैज्ञानिक और तकनीकी कर्मचारियों की सहायता करना; उपकरण लॉगबुक, स्पेयर पार्ट्स और उपभोग्य सामग्रियों के रिकॉर्ड बनाए रखना; प्रयोगशाला सुरक्षा मानदंडों का पालन करना और सौंपे गए अन्य तकनीकी कर्तव्यों का पालन करना। |
| तकनीशियन (1) - (01 पद) | **TC-02**<br>(अ.ज.जा.) | विज्ञान विषयों के साथ SSC / 10वीं कक्षा या समकक्ष परीक्षा में कुल न्यूनतम 55% अंक तथा फिटर ट्रेड में ITI प्रमाण पत्र / राष्ट्रीय या राज्य ट्रेड प्रमाण पत्र ।<br>अथवा<br>विज्ञान विषयों के साथ SSC / 10वीं कक्षा या समकक्ष परीक्षा में कुल न्यूनतम 55% अंक तथा किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से फिटर ट्रेड में अप्रेंटिस प्रशिक्षु के रूप में 2 साल का पूर्णकालिक अनुभव।<br>अथवा<br>विज्ञान विषयों के साथ SSC / 10वीं कक्षा या समकक्ष परीक्षा में कुल न्यूनतम 55% अंक तथा भारत सरकार / राज्य / केंद्र शासित प्रदेश के किसी मंत्रालय / विभाग / संगठन / | इंजीनियरिंग ड्राइंग के अनुसार प्रयोगात्मक सेटअप, टेस्ट रिग्स और प्रोटोटाइप के लिए फिटिंग, मशीनिंग और फैब्रिकेशन का काम करना। कार्यशाला (वर्कशॉप) मशीनरी और उपयोगिताओं की असेंबली, डिसमंतलिंग, इरेक्शन और प्रिवेंटिव मेंटेनेंस में सहायता करना; टूल्स, जिग्स, फिक्सचर और कंज्यूमेबल्स का रखरखाव करना; जॉब और स्टॉक रिकॉर्ड बनाए रखना; कार्यशाला सुरक्षा प्रक्रियाओं का पालन करना और सौंपे गए अन्य तकनीकी कर्तव्यों को पूरा करना। |

| पद एवं पदों की संख्या | पद कोड एवं श्रेणी | अनिवार्य योग्यता | कार्य/भूमिका का विवरण |
|---|---|---|---|
| | | PSU / स्वायत्त निकाय में फिटर ट्रेड में 3 साल का कार्य अनुभव। | |
| तकनीशियन (1) - (01 पद) | **TC-03** (अनारक्षित-– संभावित रिक्ति) | विज्ञान विषयों के साथ SSC / 10वीं कक्षा या समकक्ष परीक्षा में कुल न्यूनतम 55% अंक तथा मशीनिस्ट ट्रेड में ITI प्रमाण पत्र / राष्ट्रीय या राज्य ट्रेड प्रमाण पत्र।<br>अथवा<br>विज्ञान विषयों के साथ SSC / 10वीं कक्षा या समकक्ष परीक्षा में कुल न्यूनतम 55% अंक तथा किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से मशीनिस्ट ट्रेड में अप्रेंटिस प्रशिक्षु के रूप में 2 साल का पूर्णकालिक अनुभव।<br>अथवा<br>विज्ञान विषयों के साथ SSC / 10वीं कक्षा या समकक्ष परीक्षा में कुल न्यूनतम 55% अंक तथा भारत सरकार / राज्य / केंद्र शासित प्रदेश के किसी मंत्रालय / विभाग / संगठन / PSU / स्वायत्त निकाय में मशीनिस्ट ट्रेड में 3 साल का कार्य अनुभव। | इंजीनियरिंग ड्राइंग एवं निर्धारित सहनशीलता (टॉलरेंस) के अनुसार लेथ, मिलिंग, शेपिंग, ड्रिलिंग एवं ग्राइंडिंग मशीनों पर घटकों की मशीनिंग करना। प्रयोगात्मक सेटअप, टेस्ट रिग्स एवं प्रोटोटाइप हेतु पुर्जों का निर्माण; कटिंग टूल्स की ग्राइंडिंग एवं सेटिंग; मशीन टूल्स का संचालन, निवारक रखरखाव एवं मामूली मरम्मत; जॉब, टूल एवं स्टॉक रिकॉर्ड बनाए रखना; कार्यशाला सुरक्षा प्रक्रियाओं का पालन करना तथा सौंपे गए अन्य तकनीकी कर्तव्यों का निर्वहन। |
| तकनीशियन (1) - (01 पद) | **TC-04** (अनारक्षित-– संभावित रिक्ति) | विज्ञान विषयों के साथ SSC / 10वीं कक्षा या समकक्ष परीक्षा में कुल न्यूनतम 55% अंक तथा प्रयोगशाला सहायक (केमिकल प्लांट) ट्रेड में ITI प्रमाण पत्र / राष्ट्रीय या राज्य ट्रेड प्रमाण पत्र।<br>अथवा<br>विज्ञान विषयों के साथ SSC / 10वीं कक्षा या समकक्ष परीक्षा में कुल न्यूनतम 55% अंक तथा किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से प्रयोगशाला सहायक (केमिकल प्लांट) ट्रेड में | रासायनिक एवं विश्लेषणात्मक प्रयोगशालाओं के दैनिक संचालन में सहायता करना। अभिकर्मकों एवं मानक विलयनों की तैयारी; नमूनों का संग्रहण, लेबलिंग, भंडारण एवं पूर्व-उपचार; प्रयोगशाला एवं पायलट-स्केल संयंत्र उपकरणों का संचालन एवं रखरखाव; नियमित रासायनिक विश्लेषण एवं परीक्षण में सहायता तथा प्रेक्षणों का अभिलेखन; रसायनों एवं कांच के उपकरणों की सूची बनाए |

| पद एवं पदों की संख्या | पद कोड एवं श्रेणी | अनिवार्य योग्यता | कार्य/भूमिका का विवरण |
|---|---|---|---|
| | | अप्रेंटिस प्रशिक्षु के रूप में 2 साल का पूर्णकालिक अनुभव।<br>अथवा<br>विज्ञान विषयों के साथ SSC / 10वीं कक्षा या समकक्ष परीक्षा में कुल न्यूनतम 55% अंक तथा भारत सरकार / राज्य / केंद्र शासित प्रदेश के किसी मंत्रालय / विभाग / संगठन / PSU / स्वायत्त निकाय में प्रयोगशाला सहायक (केमिकल प्लांट) ट्रेड में 3 साल का कार्य अनुभव। | रखना; प्रयोगशाला सुरक्षा मानदंडों एवं रासायनिक अपशिष्ट निपटान संबंधी अनुपालन सुनिश्चित करना तथा सौंपे गए अन्य तकनीकी कर्तव्यों का निर्वहन। |
| मल्टी-टास्किंग स्टाफ – (01 पद) | **MTS-01** (अनारक्षित) | मैट्रिकुलेशन / 10वीं कक्षा या समकक्ष उत्तीर्ण। | कार्यालय रखरखाव, आतिथ्य सेवाएं, बागवानी और परिवहन सहित विभिन्न भूमिकाएं। मुख्य जिम्मेदारियों में रिकॉर्ड बनाए रखना, फोटोकॉपी और डिस्पैच, गेस्ट हाउस का रखरखाव और अतिथियों की देखभाल, उद्यानों और हरे-भरे स्थानों का रखरखाव, कार चलाना (हल्के मोटर वाहन के लिए वैध ड्राइविंग लाइसेंस) तथा वाहन रखरखाव एवं रिकॉर्ड का प्रबंधन, और सक्षम प्राधिकारी द्वारा सौंपे गए अन्य कार्य शामिल हैं। |

CSIR-AMPRI

**Description of Posts advertised:**

| Post and No. of positions | Post Code & category | Essential Qualification | Job/Role description |
|---|---|---|---|
| Technical Officer (01 post) | TO-01 (UR) | M.Sc. in Material Science / Physics or equivalent with a minimum of 55% marks (or equivalent CGPA). | Operation, upkeep and day-to-day management of the Institute's central materials characterisation facility. Carry out sample preparation and structural, microstructural and thermal characterisation of metals, alloys, ceramics, composites and carbon-based materials; generate, process and report test data for in-house R&D projects and external testing/analytical services; maintain |

| Post and No. of positions | Post Code & category | Essential Qualification | Job/Role description |
|---|---|---|---|
| | | | instrument logs, calibration and AMC records, consumable inventory and laboratory safety compliance |
| Technical Officer - (01 post) | TO-02 (UR) | MCA (Master of Computer Applications) or equivalent with a minimum of 55% marks (or equivalent CGPA). | Management and maintenance of the Institute's IT infrastructure-servers, LAN/Wi-Fi network, e-mail, official website and databases. Development and maintenance of in-house web/database applications and Management Information Systems; support to e-Office, GeM and other e-governance platforms; ensuring cyber-security compliance, data backup and disaster recovery |
| Technical Officer - (03 posts) | TO-03 (UR-02, SC-01) | M.Sc. in Chemistry / Applied Chemistry / Chemical Sciences or equivalent with a minimum of 55% marks (or equivalent CGPA). | Operation and upkeep of chemical and analytical laboratory facilities of the Institute. Undertake synthesis, sample preparation and analytical characterisation in support of R&D on functional carbons, sustainable polymers and composites, energy-storage materials, geopolymer and construction chemicals, biomass valorisation, water remediation and environmental analysis; carry out routine, referral and sponsored testing and prepare test reports; maintain chemical inventory, instrument calibration records, laboratory safety and chemical-waste disposal compliance. |
| Technical Officer - (01 post) | TO-04 (UR) | B.E. / B.Tech in Mechanical Engineering / Metallurgy / Metallurgical Engineering or equivalent with a minimum of 55% marks (or equivalent CGPA). | Operation and supervision of the Institute's pilot-scale melting, casting, forming and machining facilities and the mechanical testing laboratory. Support fabrication of components, test rigs and prototypes; prepare engineering drawings, process sheets and job estimates; conduct mechanical and metallurgical testing to IS / ASTM standards and prepare test reports; maintain machinery, tools and utilities including preventive maintenance and AMC coordination; ensure workshop safety compliance and maintenance of job and stock records. |

| Post and No. of positions | Post Code & category | Essential Qualification | Job/Role description |
| --- | --- | --- | --- |
| Technical Officer - (01 post) | TO-05 (UR) | B.E. / B.Tech in Electronics / Instrumentation Engineering or equivalent with a minimum of 55% marks (or equivalent CGPA). | Operation, calibration and maintenance of the electronic and instrumentation facilities of the Institute, including environmental and acoustic monitoring systems (SODAR, noise mapping, ambient air-quality) and the electronics of high-end analytical instruments. Handle sensor-network installation and data acquisition; carry out fault detection, rectification and preventive maintenance; coordinate AMCs and service contracts; maintain calibration and instrument-history records; prepare technical specifications and evaluate offers for procurement of instrumentation. |
| Security Officer – (01 post) | SO-01 (UR) | Ex-Servicemen JCO (Subedar or higher rank) OR equivalent rank in other Para-military forces with minimum of 10 years' experience in security. However, number of years of experience shall be 05 years in case of Short Service Commissioned Officers and incumbents holding the position of Assistant Commandant in CRPF/BSF/ITBP etc. carrying the pay scale of Rs. 8,000-13,500 (Pre-revised). In the case of Inspector from Para-Military Forces, the number of years of experience required shall be 10 years. | Responsible for overall round-the-clock security, vigilance, fire-fighting and safety standards across CSIR-AMPRI's office premises, residential quarters and guest house facilities. Key duties include regulating access control for personnel and goods, supervising regular and outsourced security staff, monitoring contractual performance, maintaining records, liaising with local police authorities, and carrying out additional tasks assigned by the Competent Authority. |
| Security Assistant – (01 post) | SA-01 (UR) | Ex-servicemen JCO in Army or equivalent other Para-Military Forces with 05 years of experience in the work of security. | Manages day-to-day security and operations across CSIR-AMPRI's office, residential and guest house facilities. Duties include gate and access control, patrolling, shift duty, supervision of security personnel, maintenance of security registers and incident records, assistance in fire and emergency drills, and performing additional tasks assigned by the Competent Authority. The role requires basic computer proficiency. |
| Technician (1) – (01 Post) | TC-01 (UR) | SSC / 10th Standard or equivalent with Science subjects, with minimum 55% | Assist in installation, operation, routine servicing and preventive maintenance of laboratory and |

| Post and No. of positions | Post Code & category | Essential Qualification | Job/Role description |
|---|---|---|---|
| | | marks and ITI certificate or national / state trade Certificate in Instrument Mechanic program/trade<br>OR<br>SSC / 10th Standard or equivalent with Science subjects, with minimum 55% marks and 2 years full time experience as an apprentice trainee from a recognized Institution in Instrument Mechanic Trade<br>OR<br>SSC / 10th Standard or equivalent with Science subjects, with minimum 55% marks and 3 years of work experience in Instrument Mechanic in a Ministry / Department / Organization / Public Sector Undertaking / Autonomous Body under Government of India / State / UT. | scientific instruments. Carry out fault detection and minor repairs; support calibration activities; assist scientific and technical staff in experimental set-ups and measurements; maintain instrument logbooks, spares and consumable records; observe laboratory safety norms and perform such other technical duties as assigned. |
| Technician (1) – (01 Post) | TC-02 (ST) | SSC / 10th Standard or equivalent with Science subjects, with a minimum of 55% marks in aggregate AND ITI certificate / National/State Trade Certificate (NTC/STC) in Fitter trade.<br>OR<br>SSC / 10th Standard or equivalent with Science subjects, with a minimum of 55% marks in aggregate AND 2 years' full-time experience as an apprentice trainee in Fitter trade from a recognized institution.<br>OR<br>SSC / 10th Standard or equivalent with Science subjects, with a minimum of 55% marks in aggregate AND 3 years of work experience in Fitter trade in a Ministry / Department / Organization / PSU / Autonomous Body under Government of India / State / UT. | Carry out fitting, machining and fabrication jobs for experimental set-ups, test rigs and prototypes as per engineering drawings. Assist in assembly, dismantling, erection and preventive maintenance of workshop machinery and utilities; maintain tools, jigs, fixtures and consumables; maintain job and stock records; observe workshop safety procedures and perform such other technical duties as assigned. |

| Post and No. of positions | Post Code & category | Essential Qualification | Job/Role description |
|---|---|---|---|
| Technician (1) – (01 Post) | TC-03 (UR-Anticipated Vacancy) | SSC / 10th Standard or equivalent with Science subjects, with a minimum of 55% marks in aggregate AND ITI certificate / National or State Trade Certificate (NTC/STC) in Machinist trade.<br>OR<br>SSC / 10th Standard or equivalent with Science subjects, with a minimum of 55% marks in aggregate AND 2 years' full-time experience as an apprentice trainee in Machinist trade from a recognized institution.<br>OR<br>SSC / 10th Standard or equivalent with Science subjects, with a minimum of 55% marks in aggregate AND 3 years of work experience in Machinist trade in a Ministry / Department / Organization / PSU / Autonomous Body under Government of India / State / UT. | Carry out machining of components on lathes, milling, shaping, drilling and grinding machines as per engineering drawings and prescribed tolerances. Fabricate parts for experimental set-ups, test rigs and prototypes; grind and set cutting tools; operate, preventively maintain and carry out minor repairs of machine tools; maintain job, tool and stock records; observe workshop safety procedures and perform such other technical duties as assigned. |
| Technician (1) – (01 Post) | TC-04 (UR-Anticipated Vacancy) | SSC / 10th Standard or equivalent with Science subjects, with a minimum of 55% marks in aggregate AND ITI certificate / National or State Trade Certificate (NTC/STC) in Laboratory Assistant (Chemical Plant) trade.<br>OR<br>SSC / 10th Standard or equivalent with Science subjects, with a minimum of 55% marks in aggregate AND 2 years' full-time experience as an apprentice trainee in Laboratory Assistant (Chemical Plant) trade from a recognized institution.<br>OR<br>SSC / 10th Standard or equivalent with Science subjects, with a minimum of 55% marks in aggregate AND 3 years of work experience in Laboratory Assistant (Chemical Plant) trade | Assist in the day-to-day operation of the chemical and analytical laboratories. Prepare reagents and standard solutions; collect, label, store and pre-treat samples; operate and maintain laboratory and pilot-scale plant equipment; assist in routine chemical analysis and testing and record observations; maintain chemical and glassware inventory; ensure compliance with laboratory safety norms and chemical-waste disposal requirements; and perform such other technical duties as assigned. |

| Post and No. of positions | Post Code & category | Essential Qualification | Job/Role description |
|---|---|---|---|
| | | in a Ministry / Department / Organization / PSU / Autonomous Body under Government of India / State / UT. | |
| Multi-Tasking Staff – 01 post | MTS-01 (UR) | Matriculation / 10th Standard or equivalent pass. | Various roles including Office Maintenance, Hospitality Services, Horticulture and Transport. Key responsibilities include record keeping, photocopying and dispatch, upkeep of the guest house and attending to guests, maintenance of gardens and green spaces, car driving (with a valid driving licence for Light Motor Vehicle) and management of vehicle maintenance and records, and such other duties as assigned by the Competent Authority. |

भावी विज्ञान का सृजन-स्मार्ट पदार्थों के संग
Forging Tomorrows' Science with Smart Materials
सीएसआईआर-एम्प्री
CSIR-AMPRI

## सामान्य जानकारी और शर्तें/General information and conditions:-

### 1. परिषद् सेवा के तहत लाभ/Benefits under Council service:

a. इन पदों पर केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए स्वीकार्य सामान्य भत्ते जैसे महंगाई भत्ता (डीए), आवास किराया भत्ता (एचआरए), परिवहन भत्ता (टीए) आदि लागू होंगे, जो सीएसआईआर पर भी लागू होते हैं। परिषद् के कर्मचारी भी सीएसआईआर आबंटन नियमों के अनुसार पात्रता के आधार पर उपलब्ध होने पर आवास के लिए पात्र हैं, इस स्थिति में आवास किराया भत्ता (एचआरए) स्वीकार्य नहीं होगा।

These posts carry usual allowances i.e. Dearness Allowance (DA), House Rent Allowance (HRA), Transport Allowance (TA) etc. as admissible to the central government employees and as made applicable to CSIR. Council employees are also eligible for accommodation of their entitled type as per CSIR allotment rules depending on availability in which case HRA will not be admissible.

b. प्रत्येक श्रेणी के पदों के लिए दर्शाए गए पारिश्रमिक के अतिरिक्त, चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति, छुट्टी यात्रा रियायत और बच्चों की शिक्षा भत्ते आदि जैसे लाभ भी सीएसआईआर/भारत सरकार (जीओआई) के नियमों के अनुसार उपलब्ध हैं, जो परिषद कर्मचारियों पर लागू होते हैं।

In addition to the emoluments indicated against each category of posts, benefits such as reimbursement of Medical Expenses, Leave Travel Concession and Children's Education Allowances etc. are also available as per CSIR /Govt. of India (GoI) Rules as applicable to the Council Servants

c. प्रत्येक श्रेणी के पद के लिए इंगित परिलब्धियों के अलावा, सीएसआईआर नियमों के अनुसार नई पेंशन योजना (एनपीएस) 2004 की प्रयोज्यता, चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति, छुट्टी यात्रा रियायत, पर्सनल कंप्यूटर एडवांस और हाउस बिल्डिंग एडवांस जैसे लाभ उपलब्ध हैं।

In addition to the emoluments indicated against each category of post, benefits such as applicability of New Pension Scheme (NPS) 2004, reimbursements of Medical Expenses, Leave Travel Concession, Personal Computer Advance and House Building Advance are available as per CSIR rules.

d. परिषद् के कर्मचारियों की सेवा शर्तों से संबंधित सभी मामलों के संबंध में, केंद्रीय सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1964, केंद्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियम, 1965, भारत सरकार द्वारा तैयार किए गए मौलिक और अनुपूरक नियम और भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किए गए ऐसे अन्य नियम और आदेश परिषद के कर्मचारियों पर लागू होंगे।

In regard to all the matters concerning service conditions of employees of the Society, Central Civil Services (Conduct) Rules, 1964, Central Civil Services (Classification, Control and Appeal) Rules, 1965, the Fundamental and Supplementary Rules framed by the Govt. of India and such other rules and orders issued by the Govt. of India from time to time shall apply to the extent applicable to the employees of the Council.

## 2. अन्य शर्तें/Other conditions:

1. आवेदक को भारत का नागरिक होना चाहिए The applicant must be a citizen of India.

2. सभी आवेदकों को ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि को विज्ञापन में निर्धारित पदों की अनिवार्य आवश्यकताओं और अन्य शर्तों को पूरा करना होगा। उन्हें सलाह दी जाती है कि वे आवेदन करने से पहले स्वयं को संतुष्ट कर लें कि उनके पास ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि तक विभिन्न पदों के लिए निर्धारित अनिवार्य योग्यताएं हैं। **पात्रता के बारे में सलाह मांगने वाली किसी भी पूछताछ पर विचार नहीं किया जाएगा।**
All applicants must fulfill the essential requirements of the post and other conditions stipulated in the advertisement as of the last date of submission of the ONLINE application. They are advised to satisfy themselves before applying that they possess at least the essential qualifications for various posts at the last date of submission of online applications. **No inquiry asking for advice as to eligibility would be entertained.**

3. निर्धारित अनिवार्य योग्यताएँ न्यूनतम हैं, और केवल इन योग्यताओं के होने मात्र से उम्मीदवार सीएसआईआर के समय-समय पर लागू नियमों के अनुसार, ट्रेड टेस्ट (व्यवसाय परीक्षण) / शारीरिक परीक्षण / व्यक्तित्व मूल्यांकन परीक्षण / लिखित परीक्षा आदि के लिए बुलाए जाने के हकदार नहीं हो जाते हैं। विधिवत गठित स्क्रीनिंग समिति उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट करने के लिए अपना स्वयं का मानदंड अपना सकती है। इसलिए, उम्मीदवार को ऑनलाइन आवेदन में 10वीं कक्षा से आगे के दस्तावेज़ों के समर्थन के साथ, न्यूनतम निर्धारित योग्यता से अधिक, संबंधित क्षेत्र में अपनी सभी योग्यताओं और अनुभव का उल्लेख करना होगा।
The prescribed essential qualifications are the minimum, and the mere possession of the same does not entitle candidates to be called for trade test/ physical test / personality assessment test / written test, etc., as per CSIR applicable rules from time to time. The duly constituted Screening Committee may adopt its own criteria for short-listing the candidates. The candidate should, therefore, mention in the online application all the qualifications and experience in the relevant area over and above the minimum prescribed qualification, supported with documents from the 10th onwards.

4. सीएसआईआर/सरकारी विभागों/स्वायत्त निकायों/विश्वविद्यालयों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और सरकार द्वारा वित्तपोषित अनुसंधान एजेंसियों में कार्यरत उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन जमा करते समय अपने नियोक्ता से प्राप्त "अनापत्ति प्रमाण पत्र" (एनओसी) (संलग्न प्रारूप प्रोफार्मा-I के अनुसार) अपलोड करना होगा, अन्यथा उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा।
Online Applications from candidate working in CSIR/Government Departments/ Autonomous bodies/ Universities/ Public Sector Undertakings and Government Funded Research Agencies must upload a "No Objection Certificate" (NOC) from their employer (as per the attached format- Proforma-I) at the time of submitting the online application, failing which their candidature will NOT be considered.

5. पात्र उम्मीदवार को अपनी पात्रता के समर्थन में, जहाँ भी लागू हो, अनिवार्य रूप से एक वैध अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। अनुभव प्रमाण पत्र में अनुभव की अवधि स्पष्ट रूप से लिखी होनी चाहिए, जिसमें शामिल विभिन्न संगठनों / संस्थानों / फर्मों / विश्वविद्यालयों में कार्य करने की तिथियाँ (अर्थात कार्यभार ग्रहण करने की तिथि और कार्यमुक्त होने की तिथि) तथा आवेदित पद हेतु प्रासंगिक किए गए कार्य की प्रकृति का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए। ऐसा दस्तावेज़

संलग्न न करने पर, या ऐसा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर जिसमें कार्य की आवश्यक प्रकृति और अवधि स्पष्ट रूप से निर्दिष्ट नहीं है, आवेदन को तुरंत अस्वीकार कर दिया जाएगा।

Eligible candidates must mandatorily submit a valid experience certificate in support of their eligibility, wherever applicable. The experience certificate must clearly state the duration of experience, specifying the dates of service (i.e., date of joining and date of relieving) across the various organizations, institutions, firms, or universities involved, along with a clear description of the nature of work performed relevant to the applied post. Failure to attach such a document, or submitting a certificate that does not explicitly specify the required nature and duration of work, will result in the immediate rejection of the application.

6. जो आवेदन ठीक से भरे नहीं गए हैं या आवश्यक प्रमाणपत्रों / दस्तावेजों के बिना अपलोड किए गए हैं, उन्हें सरसरी तौर पर खारिज कर दिया जाएगा।

   Applications not duly filled or uploaded without required certificates / documents will be summarily rejected.

7. आवेदन के साथ संबंधित शैक्षिक/तकनीकी योग्यता और प्रासंगिक अनुभव के समर्थन में उपाधि-प्रदान करने वाले संस्थानों तथा संगठनों द्वारा जारी सभी प्रमाण-पत्र, अंकतालिकाएं (मार्कशीट), अनुभव प्रमाण-पत्र, प्रशंसा-पत्र, संबंधित कार्यमुक्ति प्रमाण-पत्र (सर्विस डिस्चार्ज सर्टिफिकेट) तथा आवश्यक योग्यता पूर्ण करने के प्रमाण-पत्र आदि अपलोड करना अनिवार्य है। निर्धारित योग्यताएं किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान आदि से प्राप्त की गई होनी चाहिए।

   Application should be accompanied by uploading of all certificates, mark sheets, experience certificates, and testimonials in support of relevant educational qualification/technical qualification and relevant experience, relevant Service Discharge Certificate, proof of fulfillment of essential qualification etc., issued by the degree-awarding institutions and organizations. The prescribed qualifications should have been obtained through recognized Universities/Institutions etc.

8. आवश्यक योग्यताओं में 'समकक्षता खंड' के संदर्भ में, यदि कोई उम्मीदवार विज्ञापन की आवश्यकता के अनुसार किसी विशिष्ट योग्यता को समकक्ष योग्यता के रूप में दावा कर रहा है, तो उम्मीदवार को इस संबंध में (संख्या और तिथि सहित) आदेश/अधिसूचना/पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है, जिसमें उस प्राधिकारी का उल्लेख हो जिसके तहत इसे समकक्ष माना गया है। ऐसे दस्तावेज़ प्रस्तुत करने में विफल रहने पर आवेदन निरस्त किया जा सकता है। योग्यता (योग्यताओं) की समकक्षता और विश्वविद्यालयों/संस्थानों की मान्यता के संबंध में सीएसआईआर का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

   In respect of equivalent clause in Essential Qualifications, if a candidate is claiming a particular qualification as equivalent qualification as per the requirement of advertisement, then the candidate is required to produce an order/notification/letter in this regard, indicating the Authority (with number and date) under which it has been so treated. Failure to provide such documentation may result in the rejection of the application. The decision of the CSIR with regard to the equivalence of qualification(s) and recognition of Universities/Institutes shall be final and binding

9. विज्ञापन के अनुसार अनिवार्य योग्यता से अधिक योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों को आवेदन में उन उच्च योग्यताओं का अनिवार्य रूप से उल्लेख करना चाहिए।

   Candidates who possess any higher qualifications than the essential qualification as advertised

should invariably mention those higher qualifications in the application.

10. उम्मीदवारों का चयन केवल ऑनलाइन आवेदन में दिए गए दस्तावेज़ों और जानकारी के आधार पर ही किया जाएगा। यदि किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि कोई उम्मीदवार निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता है या उसने आवेदन पत्र में गलत या झूठी जानकारी दी है; तो चयन के बाद भी उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी और ऐसी गलत असत्य जानकारी जमा करने के परिणामस्वरूप होने/वाले किसी भी परिणाम के लिए सीएसआईआर जिम्मेदार नहीं होगा। इसलिए, उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि ऑनलाइन आवेदन में दी गई सभी जानकारी सटीक और सही है।

    The selection of candidates will be conducted on the basis of the documents and information provided in the online application only. If at any stage it is discovered that a candidate does not meet the prescribed eligibility criteria or has submitted incorrect or false information in the application form; their candidature will be cancelled, even after selection and CSIR will not be responsible for any consequences resulting from the submission of such false/inaccurate information. Therefore, the candidates must ensure that all information provided in the online application are accurate and correct.

11. उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन में अपना नाम, जन्मतिथि और पिता का नाम/माता का नाम एसएससी/मैट्रिकुलेशन/10वीं कक्षा/एसएसएलसी/एचएससी प्रमाण पत्र में दिए गए अनुसार ही भरना होगा। यदि कोई उम्मीदवार मैट्रिकुलेशन या विवाह या पुनर्विवाह या तलाक आदि के बाद अपने नाम में परिवर्तन का दावा करता है, तो उसे ऑनलाइन आवेदन में संबंधित क्षेत्र में भी उल्लेख किया जाना चाहिए और नाम में परिवर्तन का दावा करने वाले उम्मीदवार को नाम में परिवर्तन/नाम में बेमेल/उम्मीदवार/माता-पिता (यदि लागू हो) के नाम में भिन्नता के समर्थन में उपयुक्त प्राधिकारी से राजपत्र अधिसूचना/शपथ पत्र की एक प्रति प्रस्तुत करनी होगी।

    The candidates must fill in their Name, Date of Birth, and father's name/mother's name in the online application strictly as given in the SSC/Matriculation/10th Standard/SSLC/HSC certificate. In case, a candidate claims a change of his/her name after matriculation or marriage or remarriage or divorce etc. it also should be mentioned in the respective field in the online application and the Candidate claiming a change in name must submit a copy of Gazette Notification/Affidavit from the appropriate authority in support of change of name/mismatch in name/ variation in name of candidate/ parents (if applicable).

12. जन्म तिथि के लिए आयु प्रमाण के रूप में केवल एसएससी/मैट्रिकुलेशन/10वीं कक्षा/एसएसएलसी/एचएससी प्रमाण पत्र या उचित सरकारी प्राधिकरण द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र ही स्वीकार किया जाएगा और बाद में परिवर्तन के लिए कोई अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा। जहां संबंधित शैक्षिक बोर्ड द्वारा जारी प्रमाण पत्र/मार्कशीट में जन्म तिथि उपलब्ध नहीं है, वहां जन्म तिथि दर्शाने वाला स्कूल छोड़ने का प्रमाण पत्र स्वीकार किया जाएगा।

    Only SSC/Matriculation/10th Standard/SSLC/HSC certificate or Birth certificate issued by appropriate government authority will be accepted as age proof for date of birth and no subsequent request for change will be considered /granted. Where date of birth is not available in certificate/mark sheets issued by concerned Educational Boards, School Leaving Certificate indicating Date of Birth will be accepted.

13. यदि कोई दस्तावेज़ या प्रमाण पत्र हिंदी या अंग्रेजी के अलावा किसी अन्य भाषा में है, तो आवेदन के साथ उसकी हिंदी या अंग्रेजी में एक स्व-प्रमाणित प्रतिलिपि जमा करनी होगी।

If any document or certificate is in a language other than Hindi or English, a self-attested transcript in Hindi or English is to be submitted with the application.

14. किसी विषय/कार्य क्षेत्र में अनुभव की अवधि, जहाँ भी यह निर्धारित हो, की गणना न्यूनतम निर्धारित शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करने की तिथि के बाद से की जाएगी।
The period of experience in a discipline/ area of work, wherever prescribed, shall be counted after the date of acquiring the minimum prescribed educational qualifications.

15. उम्मीदवार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उसके पास ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि को आवेदित पद से संबंधित क्षेत्रों में अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता/तकनीकी योग्यता/अनुभव है|
Candidate must ensure that he/she possesses the essential educational qualification/technical qualification/experience in the relevant areas as required for the post for which he/she is applying, on the last date of submission of ONLINE application.

16. अधिकतम आयु सीमा, योग्यता और/या अनुभव के निर्धारण की तिथि ऑनलाइन आवेदन जमा करने की निर्धारित अंतिम तिथि (यानी ऑनलाइन आवेदन जमा करने की आखिरी तारीख) होगी। पद कोड TO-01 से TO-05 और TC-01 से TC-04 के लिए यह निर्णायक तिथि **06.11.2026** होगी, तथा पद कोड SO-01, SA-01 और MTS-01 के लिए निर्णायक तिथि **16.11.2026** होगी।
The date for determining the upper age limit, qualifications and /or experience shall be the closing date prescribed for submission of online applications i.e. last date of submission of online application. The crucial date shall be 06.11.2026 for Post Codes TO-01 to TO-05 and TC-01 to TC-04, and 16.11.2026 for Post Codes SO-01, SA-01 and MTS-01.

17. उम्मीदवार को यह बताना होगा कि क्या उनका कोई रक्त/निकट संबंधी [सरकारी कर्मचारी के संबंध में पत्नी या पति, पुत्र या पुत्री, माता-पिता, भाई या बहन या उनमें से किसी से रक्त या विवाह से संबंधित कोई भी व्यक्ति शामिल है, चाहे वे सरकारी कर्मचारी पर आश्रित हों या नहीं] सीएसआईआर-एम्प्री या सीएसआईआर की किसी अन्य राष्ट्रीय प्रयोगशाला/संस्थान/इकाई में कार्यरत है।
Candidates should indicate as to whether any of their blood/close relatives [relation to a Government servant include the wife or husband, son or daughter, parents, brothers or sisters or any person related to any of them by blood or marriage, whether they are dependent on the Government servant or not] is working in CSIR-AMPRI or any other National Labs/ Institutes/ Units of the CSIR.

18. जहाँ किसी पद के लिए पात्रता मानदंड के रूप में एक विशिष्ट क्षेत्र या विषय की आवश्यकता होती है, और यदि यह उम्मीदवार की अंक-तालिका और/या संबंधित विश्वविद्यालय से प्राप्त डिग्री प्रमाण पत्र से स्पष्ट नहीं होता है, तो उम्मीदवारों को अपने दावों की पुष्टि के लिए वैध दस्तावेज़ प्रस्तुत करने होंगे। अन्यथा, ऐसे दावों की स्वीकृति या अस्वीकृति के संबंध में चयन समिति का निर्णय अंतिम और उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होगा।
Where a specific area or discipline is required as eligibility criteria for the post and if the same is not evident from the candidate’s marks sheet and/or degree certificate from the concerned university, the candidates must provide valid document(s) to substantiate their claims, else, the decision of the Selection Committee regarding the acceptance or rejection of such claims will be final and binding on the candidates.

19. भारत सरकार के निर्देशों के तहत विहित पात्रता शर्तों को पूरा करने वाले बेंचमार्क  निशक्ताताओं  वाले व्यक्तियों (पीडब्ल्यूबीडी / दिव्यांग) को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इस तथ्य से निरपेक्ष रहते हुए कि पद उनके लिए आरक्षित है या नहीं, आयु सीमा में छूट लागू होगी ।

Persons with Benchmark Disabilities (PwBD / Divyang) fulfilling the eligibility conditions prescribed under GOI instructions are encouraged to apply. Relaxation in age limit shall be applicable irrespective of the fact whether the post is reserved for them or not.

20. सभी पद भारत सरकार द्वारा अधिसूचित और सीएसआईआर द्वारा उनके पत्र संख्या 17/68/2001-ई.II दिनांक 23.12.2003 तथा  इस विषय पर जारी अन्य निर्देशों द्वारा अपनाई गयी  01.01.2004 से लागू  नई पेंशन योजना द्वारा शासित होंगे |

The posts will be governed by the New Pension Scheme applicable w.e.f. 01.01.2004 as notified by the Government of India and adopted by CSIR vide their letter No.17/68/2001-E.II dated 23.12.2003 and other instructions issued on the subject.

21. यदि किसी भी बाद की तारीख/चरण में यह पाया जाता है कि उम्मीदवार पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करते हैं या उन्होंने आवेदन पत्र में गलत या झूठी जानकारी प्रस्तुत की है या जानबूझकर कोई महत्वपूर्ण जानकारी छिपाई है, तो उनकी उम्मीदवारी बिना कोई कारण बताए रद्द कर दी जाएगी। यदि चयन के बाद भी यह पता चलता है, तो उन्हें किसी भी स्तर पर सेवा से हटाया जा सकता है और सक्षम प्राधिकारी द्वारा आवश्यक समझी जाने वाली अन्य कार्रवाई की जा सकती है। सीएसआईआर- एम्प्री /सीएसआईआर ऐसी झूठी/गलत जानकारी प्रस्तुत करने के परिणामस्वरूप होने वाले किसी भी परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। इसलिए, उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि ऑनलाइन आवेदन में दी गई सभी जानकारी सटीक और सही है।

If at any subsequent date/stage it is discovered that the candidates do not fulfill the eligibility criteria or has submitted incorrect or false information in the application form or willfully suppressed any material information their candidature will be cancelled without assigning any reason whatsoever. If it is detected even after selection, he/she will be liable to removal from service after joining at any stage, and such other action as may be deemed necessary may be taken by the Competent Authority. CSIR-AMPRI/CSIR will not be responsible for any consequences resulting from the submission of such false/inaccurate information. Therefore, the candidates must ensure that all information provided in the online application are accurate and correct.

22. चयनित पदधारियों की पदस्थापना सीएसआईआर-एम्प्री में की जायेगी। लेकिन उन्हें भारत में कहीं भी सीएसआईआर-एम्प्री /सीएसआईआर के किसी भी लैब/संस्थान/केंद्र/फील्ड स्टेशनों में स्थानांतरित किया जा सकता है।  चयनित उम्मीदवारों, विशेषकर सुरक्षा अधिकारी, सुरक्षा सहायक एवं मल्टी-टास्किंग स्टाफ के पदों पर, को कार्य की आवश्यकता के अनुसार शिफ्ट में (रात्रि पाली सहित), अवकाश के दिनों में तथा सामान्य कार्यालय समय के अतिरिक्त भी कार्य करना पड़ सकता है।

The selected incumbents will be posted at CSIR-AMPRI. However, they can be transferred to any labs/Institutes/centers/field stations of CSIR-AMPRI/CSIR anywhere in India. The selected candidates, particularly for the posts of Security Officer, Security Assistant and Multi-Tasking Staff, may be required to work in shifts (including night shifts), on holidays and beyond normal office hours, as per the exigencies of work.

23. चयनित उम्मीदवार पद का कार्यभार संभालने की तिथि से एक निर्दिष्ट अवधि के लिए परिवीक्षा पर रहेंगे। परिवीक्षा अवधि को सक्षम प्राधिकारी के विवेकानुसार बढ़ाया या घटाया जा सकता है। परिवीक्षा अवधि सफलतापूर्वक पूरी हो जाने के बाद, प्रचलित नियमों के अनुसार उनके स्थायीकरण पर विचार किया जाएगा।

The selected candidates will be on probation for a specific period from the date of taking over charge of the post. The probationary period may be extended or curtailed at the discretion of the Competent Authority. After successful completion of probationary period, they will be considered for confirmation in accordance with the extant rules.

24. पात्रता, आवेदनों की स्वीकृति या अस्वीकृति, चयन की विधि, परीक्षा/साक्षात्कार का आयोजन (जैसा भी लागू हो), परीक्षा/साक्षात्कार का स्थान, और सभी या किसी भी पद को न भरने से संबंधित सभी मामलों में निदेशक सीएसआईआर-एम्प्री भोपाल का निर्णय अंतिम और उम्मीदवारों पर बाध्यकारी होगा, और इस संबंध में किसी भी व्यक्ति या उसकी/उनकी एजेंसी से कोई अंतरिम पूछताछ या पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा।

The decision of the Director **CSIR-AMPRI BHOPAL** in all matters relating to eligibility, acceptance or rejection of applications, mode of selection, and conduct of examination/interview, as applicable, venue of examination/interview and not to fill up all or any of the posts will be final and binding on the candidates, and no interim inquiry or correspondence will be entertained in this connection from any individual or his/her agency.

25. सक्षम प्राधिकारी सीएसआईआर-एम्प्री के हित में इस विज्ञापन में संशोधन करने, हटाने और नियम व शर्तें जोड़ने का अधिकार सुरक्षित रखता है। इस विज्ञापन में शामिल न किए गए किसी भी मुद्दे के लिए सीएसआईआर के उचित निर्देश लागू होंगे।

The Competent Authority reserves the right to amend, delete and add terms & conditions to this advertisement in the interest of CSIR-AMPRI. For any issue that is not covered in this advertisement, appropriate instructions of CSIR will apply.

26. नियुक्ति प्राधिकारी बिना कोई कारण बताए विज्ञापन को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है और आवश्यकता पड़ने पर किसी भी या सभी पदों को न भरने का निर्णय भी ले सकता है।

The Appointing Authority reserves the right to cancel the advertisement without providing any reason and may also decide not to fill any or all positions, if necessary.

27. किसी भी रूप में प्रचार करना और/या राजनीतिक या अन्य कोई प्रभाव डालना इस पद के लिए अयोग्यता के रूप में माना जाएगा।

Canvassing in any form and/or bringing influence, political or otherwise, will be treated as disqualification for the post.

28. प्रत्येक श्रेणी/पद के सामने दर्शाई गई रिक्तियों की संख्या अनंतिम (provisional) है और चयन के समय इसमें परिवर्तन हो सकता है।

The number of vacancies indicated against each category/post is provisional and may vary at the time of selection.

29. पद कोड TC-03 एवं TC-04 के पद दिनांक 31.03.2027 एवं 31.05.2027 को पदधारियों की अधिवर्षिता (सेवानिवृत्ति) के फलस्वरूप उत्पन्न होने वाली संभावित रिक्तियाँ हैं, जिन्हें सीधी भर्ती संबंधी भारत सरकार (डीओपीटी) के निर्देशों के

अनुसार अग्रिम रूप से विज्ञापित किया गया है। इन पदों के विरुद्ध नियुक्ति का प्रस्ताव (ऑफर ऑफ अपॉइंटमेंट) केवल संबंधित रिक्ति के वास्तविक रूप से उत्पन्न होने के उपरांत ही जारी किया जाएगा। इन पदों के विरुद्ध चयनित होने मात्र से रिक्ति उत्पन्न होने की तिथि से पूर्व नियुक्ति का कोई अधिकार प्राप्त नहीं होगा, तथा किसी पूर्ववर्ती तिथि से वरिष्ठता, वेतन अथवा किसी अन्य लाभ का कोई दावा स्वीकार्य नहीं होगा।

Post Codes TC-03 and TC-04 are anticipated vacancies arising on superannuation of the incumbents on 31.03.2027 and 31.05.2027, advertised in advance in terms of the Government of India (DoPT) instructions on direct recruitment. The Offer of Appointment against these posts shall be issued only after the respective vacancy has actually arisen. Mere selection against these posts shall not confer any right to appointment before the vacancy arises, and no claim for seniority, pay or any other benefit from any earlier date shall be entertained.

30. सरकार ऐसे कार्यबल के लिए प्रयासरत है जो लैंगिक संतुलन को प्रतिबिंबित करता हो, अतः महिला उम्मीदवारों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

The Government strives to have a workforce which reflects gender balance, and women candidates are encouraged to apply.

31. चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति सक्षम चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा चिकित्सकीय रूप से स्वस्थ घोषित किए जाने तथा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार चरित्र एवं पूर्ववृत्त के सत्यापन में संतोषजनक पाए जाने के अधीन होगी। सत्यापन रिपोर्ट प्राप्त होने से पूर्व नियुक्ति किए जाने की स्थिति में नियुक्ति अनंतिम होगी तथा प्रतिकूल रिपोर्ट प्राप्त होने पर बिना किसी पूर्व सूचना के समाप्त की जा सकेगी।

Appointment of the selected candidates shall be subject to their being declared medically fit by the competent medical authority and to satisfactory verification of character and antecedents as per the prescribed procedure. Where appointment is made pending receipt of the verification report, it shall be provisional and liable to termination without notice if an adverse report is received.

सीएसआईआर-एम्प्री
CSIR-AMPRI

32. चयन समिति की अनुशंसा पर, भारत सरकार/सीएसआईआर के प्रचलित निर्देशों के अनुसार एक आरक्षित पैनल (प्रतीक्षा सूची) तैयार किया जा सकता है। ऐसा पैनल चयन पैनल के अनुमोदन की तिथि से एक वर्ष तक अथवा उक्त निर्देशों में यथा निर्धारित अवधि तक वैध रहेगा, तथा इसका उपयोग केवल इस विज्ञापन में अधिसूचित रिक्तियों के विरुद्ध, मुख्य पैनल के उम्मीदवार द्वारा कार्यभार ग्रहण न करने की स्थिति में किया जाएगा। आरक्षित पैनल में नाम सम्मिलित होने मात्र से नियुक्ति का कोई अधिकार प्राप्त नहीं होगा।

On the recommendation of the Selection Committee, a reserve panel (waiting list) may be prepared in accordance with extant GoI/CSIR instructions. Such a panel shall remain valid for one year from the date of approval of the select panel, or for such period as prescribed under those instructions, and shall be operated only against the vacancies notified in this advertisement where a candidate from the main panel does not join. Inclusion in the reserve panel shall not confer any right to appointment.

33. ट्रेड टेस्ट/लिखित परीक्षा की तिथि, चयन समितियों की सिफारिशों और इस विज्ञापन से संबंधित किसी भी अन्य अद्यतन, सूचना, परिशिष्ट या शुद्धिपत्र के संबंध में सूचनाएं केवल सीएसआईआर-एम्प्री की आधिकारिक वेबसाइट पर ही पोस्ट की जाएंगी। उम्मीदवारों को कोई व्यक्तिगत सूचना नहीं भेजी जाएगी, अतः उम्मीदवारों को नियमित रूप सीएसआईआर-एम्प्री की आधिकारिक वेबसाइट के अवलोकन करने की सलाह दी जाती है।

Notifications about the date of the Trade test/Written test, the recommendations of the Selection Committees, and any further updates, notices, addendum or corrigendum related to this advertisement will be posted solely on the CSIR AMPRI official website. No individual notifications

will be sent to candidates, thus the candidates are advised to check the CSIR-AMPRI official website regularly.

34. किसी अंतरिम पूछताछ या पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा। ऑनलाइन आवेदन के लिए वेबसाइट पर उल्लिखित हेल्पडेस्क संपर्क केवल आवेदन पत्र के ऑनलाइन प्रस्तुतीकरण से संबंधित परिचालन संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए है।
NO INTERIM ENQUIRY OR CORRESPONDANCE WILL BE ENTERTAINED. The Helpdesk contact mentioned on the website for online application is for resolution of operational issues related to online submission of application form only.

## 3. आरक्षण नियम, आयु और अन्य छूटें/ Reservation Rules, Age & other Relaxations :

a. ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि को आवेदक की आयु 18 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए।
The age of the applicant should not be below 18 years as on the last date of submission of the online application.

b. सरकारी नियमों/दिशानिर्देशों के अनुसार आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों को आयु सीमा में छूट लागू होगी। हालाँकि, जो SC/ST/OBC उम्मीदवार अनारक्षित रिक्तियों के विरुद्ध आवेदन करते हैं, वे आयु में छूट के पात्र नहीं होंगे।
Age relaxation will be applicable to reserved category candidates as per Government rules/guidelines. The SC/ST/OBC candidates who apply against unreserved (UR) vacancies will not be eligible for age relaxation.

c. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (एनसीएल) के उम्मीदवार जो उनके लिए आरक्षित न किए गए पदों अर्थात अनारक्षित पदों के लिए आवेदन करते हैं, वे डीओपीटी के दिनांक 01-07-1998 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 36011/1/98-स्था. (आरक्षण) के अनुसार ऐसे पदों के लिए आयु में छूट के पात्र नहीं होंगे और उनके चयन के संबंध में उन्हें सामान्य उम्मीदवारों के बराबर माना जाएगा। हालांकि, ऐसे मामलों में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए आवेदन शुल्क में छूट लागू है।
SC/ST/OBC(NCL) candidates who apply against the posts not reserved for them i.e. Unreserved (UR) posts will not be eligible for age relaxation in respect of such posts in accordance with DoPT OM No.36011/1/98-Estt. (Res), dated 01-07-1998 and they are treated on par with general candidates in respect of their selection. Application Fee Exemption is, however, applicable for SC/ST candidates in such cases.

d. एससी/एसटी के आरक्षित वर्ग से संबंधित उम्मीदवारों को अपने आवेदन के साथ अपने प्रमाण पत्र की स्कैन की हुई कॉपी अपलोड करनी होगी जो भारत सरकार के आदेशों के अनुसार ऐसे प्रमाण पत्र जारी करने के लिए सक्षम प्राधिकारी (जैसे एसडीओ/जिला मजिस्ट्रेट/उपायुक्त आदि) द्वारा जारी किए गए निर्धारित फॉर्म में होनी चाहिए।
The candidates belonging to the reserved category of SC/ST must upload a scanned copy of their certificate along with their applications which should be in the prescribed form issued by the Competent Authority Empowered to issue such Certificates (Like SDO/District Magistrate/Dy. Commissioner etc.) as per the Government of India Orders.

e. एससी/एसटी/ओबीसी प्रमाण पत्र भारत सरकार के अधीन पदों पर नियुक्ति के लिए निर्धारित प्रारूप में होने चाहिए। ओबीसी (नॉन-क्रीमी लेयर) प्रमाण पत्र भी भारत सरकार के अधीन पदों पर नियुक्ति के लिए भारत सरकार द्वारा निर्धारित नॉन-क्रीमी लेयर मानदंडों के अनुरूप होने चाहिए। यह किसी राज्य सरकार के आदेशों के संदर्भ में, संघ के किसी राज्य में नियुक्ति के लिए नहीं होना चाहिए।
SC/ST/OBC certificates should be in the prescribed formats for appointment to posts under the Government of India (GoI). The OBC (Non-Creamy Layer) certificates must also meet the Non-Creamy Layer criteria for appointment to posts under the GoI as laid down by the GoI and not for appointment in any of the States of Union bearing references to those State Govt. orders.

f. एससी/एसटी/पीडब्ल्यूबीडी/ईडब्ल्यूएस आदि उम्मीदवारों को, जब भी माँगा जाए, निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित निर्धारित प्रारूप में मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है। उम्मीदवार को ऑनलाइन आवेदन के साथ अपेक्षित प्रमाण पत्र की स्कैन की हुई प्रति अपलोड करनी होगी। तथापि, किसी विशिष्ट श्रेणी से संबंधित होने का उम्मीदवार का दावा इस विषय पर भारत सरकार के मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार विनियमित किया जाएगा।
SC/ST/PwBD/EWS etc. candidates are required to present the original certificate in the prescribed format, signed by the specified authority, as and when asked. Candidate must upload scanned copy of the requisite certificate along with online application. However, the claim of the candidate belonging to specific category will be regulated as per extant GoI guidelines on the subject.

g. **पद-विशिष्ट छूट / Post-specific Relaxations**

| **छूट का प्रकार / Nature of Relaxation** | **तकनीकी अधिकारी / Technical Officer** | **तकनीशियन (1) / Technician (1)** | **एमटीएस / MTS** | **सुरक्षा अधिकारी / Security Officer** | **सुरक्षा सहायक / Security Assistant** |
|---|---|---|---|---|---|
| बेंचमार्क दिव्यांगजन / PwBD — 10 वर्ष / 10 years | लागू / Yes | लागू / Yes | लागू / Yes | लागू नहीं / Not available | लागू नहीं / Not available |
| भूतपूर्व सैनिक / Ex-Servicemen (ESM) | लागू / Yes | लागू / Yes | लागू / Yes | लागू / Yes | लागू / Yes |
| विभागीय (सीएसआईआर) / सरकारी / स्वायत्त निकाय / पीएसयू कर्मचारी — 05 वर्ष / Departmental (CSIR) / Government / Autonomous Body / PSU employees — 05 years | लागू / Yes | लागू / Yes | लागू नहीं / Not available | लागू नहीं / Not available | लागू नहीं / Not available |

| छूट का प्रकार / Nature of Relaxation | तकनीकी अधिकारी / Technical Officer | तकनीशियन (1) / Technician (1) | एमटीएस / MTS | सुरक्षा अधिकारी / Security Officer | सुरक्षा सहायक / Security Assistant |
|---|---|---|---|---|---|
| विधवाएं / तलाकशुदा / न्यायिक रूप से अलग महिलाएं (Widows / Divorced Women / Judicially Separated Women) | लागू नहीं / Not available | लागू / Yes | लागू / Yes | लागू नहीं / Not available | लागू नहीं / Not available |

**h. भूतपूर्व सैनिकों के लिए आयु में छूट — प्रकृति, पात्रता एवं शर्तें / Age Relaxation for Ex-Servicemen — Nature, Eligibility and Conditions**

i. परिभाषा — "भूतपूर्व सैनिक" से आशय भूतपूर्व सैनिक (केंद्रीय सिविल सेवाओं एवं पदों में पुनर्नियोजन) नियम, 1979 के नियम 2(c) के अंतर्गत परिभाषित उस व्यक्ति से है, जिसने भारतीय संघ की नियमित सेना, नौसेना अथवा वायुसेना में युद्धरत अथवा गैर-युद्धरत किसी भी रैंक पर सेवा की हो और पेंशन अर्जित करने के पश्चात सेवानिवृत्त हुआ हो; अथवा जो चिकित्सा आधार पर सैन्य सेवा से संबंधित कारणों से सेवामुक्त हुआ हो और उसे चिकित्सा अथवा अन्य दिव्यांगता पेंशन प्रदान की गई हो; अथवा जो प्रतिष्ठान में कमी के परिणामस्वरूप, अपने अनुरोध के अतिरिक्त किसी अन्य कारण से सेवामुक्त हुआ हो; अथवा जो निर्धारित अवधि की सेवा पूर्ण करने के उपरांत, अपने अनुरोध पर अथवा कदाचार/अक्षमता के आधार पर बर्खास्तगी/पदच्युति के अतिरिक्त किसी अन्य कारण से सेवामुक्त हुआ हो और उसे उपदान (ग्रेच्युटी) प्रदान किया गया हो। इसमें टेरिटोरियल आर्मी के निरंतर एम्बॉडीड सेवा हेतु पेंशनभोगी, सैन्य सेवा से संबंधित दिव्यांगता वाले तथा वीरता पुरस्कार विजेता कार्मिक भी सम्मिलित हैं।

Definition — "Ex-Servicemen" means a person as defined under Rule 2(c) of the Ex-Servicemen (Re-employment in Central Civil Services and Posts) Rules, 1979, i.e., a person who has served in any rank, whether as a combatant or non-combatant, in the Regular Army, Navy or Air Force of the Indian Union, and who retired from such service after earning his/her pension; or who has been released from such service on medical grounds attributable to military service and awarded medical or other disability pension; or who has been released, otherwise than at his own request, as a result of reduction in establishment; or who has been released after completing the specified period of engagement, otherwise than at his own request or by way of dismissal or discharge on account of misconduct or inefficiency, and has been given a gratuity. This also includes personnel of the Territorial Army who are pension holders for continuous embodied service, persons with disability attributable to military service, and Gallantry Award winners.

ii. यह छूट पैरा 3(g) की तालिका में यथा इंगित तकनीकी अधिकारी, तकनीशियन (1), मल्टी-टास्किंग स्टाफ, सुरक्षा अधिकारी तथा सुरक्षा सहायक के पदों के विरुद्ध देय होगी, तथा भारत सरकार, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी)

के कार्यालय ज्ञापन सं. DoPT-1667569393892 दिनांक 06.09.2022 तथा समय-समय पर यथासंशोधित/यथालागू सीएसआईआर के नियमों के अनुसार शासित होगी।

This relaxation is admissible against the posts of Technical Officer, Technician (1), Multi-Tasking Staff, Security Officer and Security Assistant as indicated in the table at Para 3(g) above, and shall be governed by DoPT OM No. DoPT-1667569393892 dated 06.09.2022 and CSIR rules, as amended/applicable from time to time.

iii. यह छूट भारतीय सशस्त्र बलों के सेवारत कार्मिकों पर लागू नहीं होगी, सिवाय उन सेवारत व्यक्तियों के जिन्हें पेंशन अर्जित करने के पश्चात नियोक्ता द्वारा कार्यमुक्त किया जा रहा हो; तथा यह अर्धसैनिक बलों के कार्मिकों पर भी लागू नहीं होगी, सिवाय जहाँ किसी पद विशेष हेतु स्पष्ट रूप से अन्यथा उल्लिखित हो।

This relaxation is not applicable to serving personnel of the Armed Forces, except those serving persons who are being relieved by the employer after earning their pension; nor is it applicable to Paramilitary Forces personnel, except where expressly stated otherwise for a specific post.

iv. गणना पद्धति — तकनीकी अधिकारी, तकनीशियन (1), मल्टी-टास्किंग स्टाफ, सुरक्षा अधिकारी तथा सुरक्षा सहायक — ये सभी पद 'ग्रुप-बी (अराजपत्रित)' अथवा 'ग्रुप-सी' की श्रेणी में आते हैं। तदनुसार, भूतपूर्व सैनिक को उसकी वास्तविक सैन्य सेवा अवधि उसकी वास्तविक आयु से घटाने की अनुमति होगी, और यदि इस प्रकार प्राप्त परिणामी आयु संबंधित पद हेतु निर्धारित ऊपरी आयु सीमा से 03 वर्ष से अधिक नहीं होती है, तो उसे आयु सीमा संबंधी शर्त को पूरा करने वाला माना जाएगा।

Method of computation — Technical Officer, Technician (1), Multi-Tasking Staff, Security Officer and Security Assistant are all classified as Group B (Non-Gazetted) or Group C posts. Accordingly, an Ex-Serviceman shall be allowed to deduct the period of his actual military service from his actual age, and if the resultant age does not exceed the upper age limit prescribed for the post by more than 3 years, he shall be deemed to satisfy the condition regarding age limit.

v. "कॉल-अप सर्विस" की अवधि को भी सैन्य सेवा में व्यतीत सेवा के समतुल्य मानते हुए आयु में छूट हेतु गणना में सम्मिलित किया जाएगा।

The period of "Call-up Service" of an Ex-Serviceman in the Armed Forces shall also be treated as service rendered in the Armed Forces for the purpose of age relaxation.

vi. भूतपूर्व सैनिक की स्थिति उम्मीदवार को आवेदन प्रस्तुत करने की तिथि को अथवा उससे पूर्व अर्जित होनी चाहिए; अथवा उम्मीदवार को सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी दस्तावेजी साक्ष्य के माध्यम से यह स्थापित करना होगा कि वह ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि से एक वर्ष की अवधि के भीतर सशस्त्र बलों में अपनी नियत सेवा अवधि पूर्ण कर भूतपूर्व सैनिक की स्थिति प्राप्त कर लेगा। ऐसे कार्मिकों को इस अवधि के दौरान सशस्त्र बलों की सेवा से मुक्त होने की अनुमति नहीं होगी, जब तक वे अपनी नियत सेवा अवधि पूर्ण न कर लें।

The status of Ex-Serviceman must have been acquired by the candidate at the time of, or before, submission of the application; or the candidate must establish, through documentary evidence from the competent authority, that he/she would complete the specified term of engagement in the Armed Forces within one year from the closing date of the online application. Such candidates shall not be permitted to leave the Armed Forces until they complete their specified term of engagement.

vii. जो भूतपूर्व सैनिक, भूतपूर्व सैनिकों को अनुमन्य आयु में छूट अथवा अन्य रियायत का लाभ उठाकर केंद्र सरकार के किसी सिविल पद पर नियमित नियुक्ति पहले ही प्राप्त कर चुके हैं, वे इस विज्ञापन के अंतर्गत किसी भी पद के विरुद्ध शुल्क

में छूट के पात्र नहीं होंगे; तथापि वे भारत सरकार के प्रचलित दिशा-निर्देशों के अंतर्गत अनुमत सीमा तक आयु में छूट के लिए पात्र बने रहेंगे।

Ex-Servicemen who have already secured regular appointment to a civil post under the Central Government after availing of the age relaxation or other concession admissible to Ex-Servicemen shall not be eligible for fee concession under this advertisement; they shall, however, continue to be eligible for age relaxation to the extent permitted under extant Government of India guidelines.

viii. भूतपूर्व सैनिकों के मामले में कोई वेतन-सुरक्षा (पे-प्रोटेक्शन) देय नहीं होगी।

There shall be no pay-protection in respect of Ex-Servicemen.

ix. आयु में छूट भूतपूर्व सैनिकों के पुत्र/पुत्रियों अथवा आश्रितों पर लागू नहीं होगी।

Age relaxation is not admissible to sons, daughters or dependents of Ex-Servicemen.

x. इस छूट का दावा करने वाले उम्मीदवार को सक्षम प्राधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित एक प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें सशस्त्र बलों से सेवामुक्ति की पुष्टि हो तथा सेवा की अवधि स्पष्ट रूप से उल्लिखित हो। उम्मीदवार को ऑनलाइन आवेदन में संबंधित कॉलम में डिस्चार्ज बुक/प्रमाण पत्र की संख्या एवं तिथि भी अंकित करनी होगी तथा प्रमाण पत्र की स्कैन की हुई प्रति आवेदन के साथ अपलोड करनी होगी।

Candidates claiming this relaxation must submit a certificate signed by the competent authority confirming release from the Defence Forces and clearly specifying the period of service. Candidates must also indicate the number and date of the Discharge Book/Certificate in the relevant column of the online application, and upload a scanned copy of the certificate along with the application.

i. विभागीय उम्मीदवारों के लिए ऊपरी आयु सीमा में पांच वर्ष तक की छूट है। इसका तात्पर्य यह है कि अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति श्रेणी के उम्मीदवारों को उनकी संबंधित श्रेणियों के लिए 5 वर्ष की आयु छूट सहित अधिकतम 10 वर्ष की आयु छूट मिलेगी। इसी तरह, ओबीसी (नॉन-क्रीमी लेयर) उम्मीदवारों को ओबीसी (नॉन-क्रीमी लेयर) श्रेणी के लिए 3 वर्ष की आयु छूट सहित अधिकतम 8 वर्ष तक की छूट मिलेगी। यह छूट ऐसे विभागीय उम्मीदवारों को स्वीकार्य होगी जो 3 वर्ष की निरंतर सेवा में हैं और ऐसे पदों पर कार्यरत हैं जो एक ही लाइन या संबद्ध कैडर में हैं और जहाँ यह संबंध स्थापित किया जा सके कि उस विशेष पद पर पहले से प्रदान की गई सेवा उस पद के कर्तव्यों के कुशल निर्वहन के लिए उपयोगी होगी जिसके लिए भर्ती की जा रही है। इस संबंध में निर्णय नियुक्ति प्राधिकारी का होगा।

Upper age limit is also relaxable upto five years for the departmental candidates. This implies that Scheduled Castes/Schedules Tribes category candidates would get maximum 10 years of age relaxation including 5 years age relaxation meant for their respective categories. Similarly, OBC(NCL) candidates would get maximum upto 8 years including 3 years of age relaxation meant for OBC(NCL) category].This relaxation will be admissible to such departmental candidates which are with 3 years continuous service and working in posts which are in the same line or allied cadre and where a relation could be established that the service already rendered in that particular post will be useful for the efficient discharge of the duties of the post to which recruitment is being made. The decision in this regard will rest with the appointing authority.

परिषद् (सीएसआईआर) के कर्मचारियों तथा सरकारी विभागों / स्वायत्त निकायों / सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के कर्मचारियों को ऊपरी आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट केवल तकनीकी अधिकारी तथा तकनीशियन (1) के पदों के विरुद्ध देय होगी। मल्टी-टास्किंग स्टाफ, सुरक्षा अधिकारी तथा सुरक्षा सहायक के पदों के विरुद्ध यह छूट देय नहीं है।

Relaxation of 05 years in the upper age limit is admissible to employees of the Council (CSIR) and to employees of Government Departments / Autonomous Bodies / Public Sector Undertakings only

against the posts of Technical Officer and Technician (1). This relaxation is not admissible against the posts of Multi-Tasking Staff, Security Officer and Security Assistant.

j. विभागीय उम्मीदवार की श्रेणी से संबंधित होने का दावा करने वाले और इस पैरा के तहत आयु में छूट चाहने वाले उम्मीदवार को अपने नियोक्ता द्वारा विज्ञापन की तिथि के बाद कार्यालय के लेटरहेड पर जारी एक प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा, जिसमें यह प्रमाणित हो कि वह नियमित रूप से नियुक्त कर्मचारी है और आकस्मिक/तदर्थ/दैनिक मजदूरी/घंटे के आधार पर भुगतान/अनुबंध के आधार पर नियुक्त कर्मचारी नहीं है।
A candidate claiming to belong to the category of departmental candidate and thus seeking age relaxation under this para would be required to produce a Certificate issued after the date of advertisement from his/her Employer on the Office letter head to the effect that he/she is regularly appointed and not on casual/ad-hoc/daily wages/hourly paid/contract basis employee.

k. भारत सरकार के प्रावधानों के अनुसार, विधवाओं, तलाकशुदा महिला और अपने पति से न्यायिक रूप से अलग महिलाओं के लिए आयु में छूट- विधवाओं, तलाकशुदा महिला और न्यायिक रूप से अपने पति से अलग होने वाली महिलाओं के लिए, जिन्होंने पुनर्विवाह नहीं किया है , ऊपरी आयु सीमा 35 वर्ष (अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के सदस्यों के लिए 40 वर्ष तक और अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु 38 वर्ष तक उनके लिए आरक्षित पदों के सन्दर्भ में ), है I यह छूट तकनीकी अधिकारी, सुरक्षा अधिकारी तथा सुरक्षा सहायक के पदों के विरुद्ध देय नहीं है। इस श्रेणी के तहत आयु में छूट का दावा प्रस्तुत करने वाले व्यक्तियों को निम्नलिखित दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत करने होंगे :

As per Govt. of India provisions, age relaxation for widows, divorced women, and women judicially separated from their husbands, the upper age limit is relaxable up to the age of 35 years (up to 40 years for members of Scheduled Castes/Scheduled Tribes and up to 38 years for members belonging to Other Backward Classes in respect of the posts reserved for them) for widows, divorced woman and women judicially separated from their husbands who are not remarried. This relaxation is NOT admissible for the posts of Technical Officer, Security Officer, and Security Assistant.The persons claiming age relaxation under this category would be required to produce the following documentary evidence

(a) विधवा के मामले में, उसके पति के मृत्यु प्रमाण पत्र के साथ शपथ पत्र कि उसने तब से पुनर्विवाह नहीं किया है। In the case of a widow, her husband's death certificate along with the affidavit that she has not remarried since.

(b) तलाकशुदा महिलाओं और न्यायिक रूप से अपने पति से अलग महिलाओं के मामले में, तलाक या न्यायिक अलगाव के तथ्य को साबित करने के लिए उपयुक्त अदालत के फैसले / डिक्री की प्रमाणित प्रति, जैसा भी मामला हो, तलाकशुदा महिलाओं के सन्दर्भ में एक हलफनामे के साथ कि उन्होंने तब से पुनर्विवाह नहीं किया है। In case of divorced women and women judicially separated from their husbands, a certified copy of the judgment/ decree of the appropriate court to prove the fact of divorce or the judicial separation, as the case may be, with an Affidavit in respect of divorced women and they have not remarried since.

l. **<u>बेंचमार्क निशक्तता वाले (पीडब्ल्यूडी) के लिए आयु में छूट</u>:** निम्नलिखित बेंचमार्क निशक्तता से पीड़ित व्यक्तियों को भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार ऊपरी आयु सीमा में 10 वर्ष की छूट (नियमों के अनुसार अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के लिए कुल 15 वर्ष और ओबीसी उम्मीदवारों के लिए 13 वर्ष) दी जाएगी :

**<u>Age relaxation to Persons with Benchmark Disabilities (PWD):</u>** Age relaxation of 10 years (total 15 years for SC/ST and 13 years for OBC candidates as per rules) in upper age limit shall be allowed to persons suffering from the following benchmark disabilities as per GOI Instructions:

(a) दृष्टिहीनता और कम दृष्टि blindness and low vision;

(b) बधिरता और सुनने में कठिनाई deaf and hard of hearing;

(c) सेरेब्रल पाल्सी, ठीक हो गए कुष्ठ रोग सहित लोकोमोटर विकलांगता, बौनापन, एसिड अटैक पीड़ित और मस्कुलर डिस्ट्रॉफी locomotor disability including cerebral palsy, leprosy cured, dwarfism, acid attack victims and muscular dystrophy;

(d) ऑटिज़्म, बौद्धिक अक्षमता, सीखने की विशिष्ट अक्षमता और मानसिक रोग autism, intellectual disability, specific learning disability and mental illness;

(e) खंड (ए) से (डी) में से कई निशाक्तताएं बधिरता – दृष्टिहीनता सहित multiple disabilities from amongst persons under clauses (a) to (d) including deaf- blindness.

**उपयुक्तता की स्थिति :** तकनीकी अधिकारी, तकनीशियन (1) तथा मल्टी-टास्किंग स्टाफ के पद बेंचमार्क दिव्यांगता की सभी पाँच श्रेणियों — (क) दृष्टिहीनता एवं कम दृष्टि; (ख) बधिरता एवं सुनने में कठिनाई; (ग) सेरेब्रल पाल्सी, ठीक हो चुके कुष्ठ रोग सहित लोकोमोटर दिव्यांगता, बौनापन, एसिड अटैक पीड़ित एवं मस्कुलर डिस्ट्रॉफी; (घ) ऑटिज़्म, बौद्धिक अक्षमता, विशिष्ट अधिगम अक्षमता एवं मानसिक रोग; तथा (ङ) खंड (क) से (घ) में से बहु-दिव्यांगता, जिसमें बधिर-दृष्टिहीनता सम्मिलित है — हेतु उपयुक्त के रूप में चिह्नित हैं।

Identification of suitability : The posts of Technical Officer, Technician (1) and Multi-Tasking Staff have been identified as suitable for all five categories of benchmark disability, namely — (a) blindness and low vision; (b) deaf and hard of hearing; (c) locomotor disability including cerebral palsy, leprosy cured, dwarfism, acid attack victims and muscular dystrophy; (d) autism, intellectual disability, specific learning disability and mental illness; and (e) multiple disabilities from amongst persons under clauses (a) to (d), including deaf-blindness.

**सुरक्षा अधिकारी एवं सुरक्षा सहायक :** सुरक्षा अधिकारी तथा सुरक्षा सहायक के पद बेंचमार्क दिव्यांगता की किसी भी श्रेणी हेतु उपयुक्त के रूप में चिह्नित नहीं हैं। तदनुसार, बेंचमार्क दिव्यांगजन इन दोनों पदों के लिए पात्र नहीं होंगे तथा इनके विरुद्ध आयु में कोई छूट देय नहीं होगी।

Security Officer and Security Assistant: The posts of Security Officer and Security Assistant have not been identified as suitable for any category of benchmark disability. Accordingly, Persons with Benchmark Disabilities are not eligible for these two posts and no age relaxation is admissible against them.

इस उप-पैरा के अंतर्गत आयु में छूट का दावा करने वाले व्यक्तियों को अपने दावों के समर्थन में निर्धारित प्रोफार्मा में एक प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा जो स्पष्ट रूप से दर्शाता हो कि शारीरिक अक्षमता की डिग्री 40% या उससे अधिक है। किसी भी दशा में, इन उम्मीदवारों की नियुक्ति सरकार द्वारा विहित मेडिकल फिटनेस के मानकों के अनुसार चिकित्सकीय रूप से उपयुक्त (स्वस्थ) पाए जाने के अधीन होगी। जिन बेंचमार्क दिव्यांग व्यक्तियों (PwBD) ने छूट और/या आरक्षण का

लाभ उठाया है, उन्हें दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार नियम, 2017 के अध्याय 7 के अंतर्गत नियम 18(1) के फॉर्म V, VI और VII के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा, जो दिनांक 15.06.2017 को जारी किया गया है।

Persons claiming age relaxation under this sub-para would be required to produce a certificate in the prescribed proforma supporting their claims, clearly indicating that the degree of physical disability is 40% or more. In any case, the appointment of these candidates will be subject to their being found medically fit in accordance with the standards of medical fitness as prescribed by the Government. Those Persons with Benchmark Disabilities (PwBD) who have availed the relaxation and/or reservation will have to submit Certificate of Disability issued by the Competent Authority as per the form V, VI and VII of rule 18(1) under chapter 7 of Rights of Persons with Disabilities Rules, 2017 dated 15.06.2017

निःशक्त व्यक्ति अधिनियम, 1995 (जो अब निरस्त हो गया हैके तहत जारी विकलांगता के मौजूदा प्रमाण पत्र (, उनमें निर्दिष्ट अवधि तक वैध बने रहेंगे। किसी भी स्थिति में, इन उम्मीदवारों की नियुक्ति, चयन द्वारा सीधी भर्ती से भरे जाने वाले प्रत्येक पद के लिए सरकार द्वारा निर्धारित चिकित्सा फिटनेस के मानकों के अनुसार, उनके चिकित्सकीय रूप से फिट पाए जाने के अधीन होगी।

The existing certificates of disability issued under the Persons with Disabilities Act 1995 (since repealed) shall continue to be valid for the period specified therein. In any case, the appointment of these candidates will be subject to their being found medically fit in accordance with the standards of medical fitness as prescribed by the Government for each individual posts to be filled by Direct Recruitment by Selection.

विकलांग व्यक्तियों को आयु में छूट इस तथ्य पर ध्यान दिए बिना स्वीकार्य होगी कि पद विकलांग व्यक्तियों के लिए आरक्षित है या नहीं, बशर्ते कि पद विकलांगता की प्रासंगिक श्रेणी के लिए उपयुक्त हो।

The age concession to the persons with disabilities shall be admissible irrespective of the fact whether the post is reserved for person with disabilities or not, provided the post is identified suitable for the relevant category of disability.

उन्हें कोई आवेदन शुल्क नहीं देना होगा। अन्य सभी छूट/रियायतें भारत सरकार के आदेशों के अनुसार होंगी। कृपया ध्यान दें, दिव्यांग उम्मीदवारों को आवेदन में अपनी जाति/समुदाय जैसे कि एससी/एसटी/ओबीसी/जनरल/ईडब्ल्यूएस का उल्लेख करना चाहिए और संबंधित जाति/समुदाय का प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत करना चाहिए, क्योंकि यह एक क्षैतिज आरक्षण है। केवल बेंचमार्क शारीरिक विकलांगता वाले उम्मीदवारों को ही दिव्यांग माना जाएगा और दिव्यांग व्यक्तियों के लिए आरक्षण का हकदार माना जाएगा। श्रेणी (दिव्यांग) के तहत एक उम्मीदवार को नियुक्ति के लिए तभी योग्य माना जाएगा जब वह (नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा निर्धारित शारीरिक परीक्षण के बाद) आवेदित पदों के लिए शारीरिक और चिकित्सा मानकों की आवश्यकताओं को पूरा करता पाया जाएगा।

No Application Fee is payable by them. All other relaxations/concessions will be as per the Government of India orders. PLEASE NOTE, PwBD CANDIDATES SHOULD MENTION IN APPLICATIONS, THEIR CASTE/COMMUNITY LIKE SC/ST/OBC/GEN/EWS and also produce Certificate of the concerned Caste/Community, as this is a horizontal reservation. Candidates with benchmark physical disability only would be considered as Persons with Disabilities (PwD) and entitled to reservation for Persons with Disabilities. A candidate under the category (PwBD) will be considered to be eligible for appointment only if he/she (after such physical examination as the

appointing authority may prescribe) is found to satisfy the requirements of physical and medical standards for the applied posts.

m. अन्य कोई भी आयु छूट भारत सरकार/सीएसआईआर भर्ती नियमों के अनुसार लागू होगी तथा ऊपर दर्शाई गई सभी आयु छूट संपूर्ण नहीं हैं। आयु छूट के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए कृपया भारत सरकार/सीएसआईआर द्वारा समय-समय पर संशोधित किए गए आदेशों का संदर्भ लें।
Any other Age relaxation shall be applicable as per extant GoI/ CSIR Recruitment Rules and all the Age relaxations indicated above are not exhaustive. For detailed information on age relaxations, please refer to the orders of the Government of India/CSIR amended from time to time.

## 4. आवेदन कैसे करें/How to apply:

a. पात्र उम्मीदवारों को सीएसआईआर-एम्प्री की वेबसाइट https://ampri.res.in पर उपलब्ध " विज्ञापन सं आरईसीटी-02/2026 के अंतर्गत तकनीकी एवं पृथक पदों की भर्ती" लिंक पर जाकर ऑनलाइन आवेदन करना होगा।
Eligible candidates are required to apply by accessing the link ("Recruitment of Technical and Isolated Posts under Advt. No. RECT-02/2026 "available on CSIR-AMPRI Website at https://ampri.res.in

b. ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया के लिए, कृपया उपरोक्त वेबसाइट पर उपलब्ध 'ऑनलाइन आवेदन कैसे करें' निर्देश, 'शुल्क भुगतान प्रक्रिया' और 'आवेदन प्रतिकृति' देखें।
For online application process please refer "How-to-apply online" instructions, "Fee Payment Procedure' and 'Application Replica' available on the above- mentioned website.

c. आवेदन निर्धारित समय-सीमा के भीतर तीन अलग-अलग चरणों में जमा किया जाना है, जैसा कि नीचे दिया गया है: - i) पंजीकरण [ऑनलाइन] ii) शुल्क जमा करना [ऑनलाइन], यदि लागू हो। iii) ऑनलाइन आवेदन जमा करना।
The application is to be submitted in three distinct steps within prescribed timeline, as below: - i) Registration [online] ii) Fee Submission [online], if applicable. iii) Online application submission.

d. यदि उम्मीदवार के पास एक वैध ईमेल आईडी नहीं है, तो उसे ऑनलाइन आवेदन करने से पहले एक नई वैध ईमेल आईडी बनानी होगी और इसे पूरी भर्ती प्रक्रिया के दौरान सक्रिय रखना होगा।
If the candidate does not have a valid email id, he/she should create a new valid email ID before applying online and should be kept active during the entire recruitment process.

**e.** आवेदन के उपरोक्त चरणों की अंतिम तिथियां इस प्रकार हैं: -

| | | |
|---|---|---|
| ऑनलाइन आवेदन के लिए पंजीकरण/शुल्क जमा करने की प्रारंभ एवं अंतिम तिथि<br>Start and End date for Registration / fees Submission/ Online Application | Technical Officer, Technician (1) | 07.10.2026 से 06.11.2026 (तक 23.59Hrs)<br>07.10.2026 to 06.11.2026 (Till 23.59Hrs) |
| | Security Officer, Security Assistant, Multi Tasking Staff | 15.10.2026 से 16.11.2026 (तक 23.59Hrs)<br>15.10.2026 to 16.11.2026 (Till 23.59Hrs) |

f. उम्मीदवारों को प्रत्येक पद कोड हेतु ₹500/- का अप्रतिदेय आवेदन शुल्क वेबसाइट पर उपलब्ध 'शुल्क भुगतान प्रक्रिया' के अनुसार केवल [एसबीआई कलेक्ट / ऑनलाइन पेमेंट गेटवे] के माध्यम से जमा करना होगा। किसी अन्य माध्यम (नकद, डिमांड ड्राफ्ट, पोस्टल ऑर्डर आदि) से भुगतान स्वीकार नहीं किया जाएगा। सफल भुगतान के पश्चात प्राप्त लेन-देन संख्या ऑनलाइन आवेदन में सही-सही अंकित करनी होगी तथा ई-रसीद अपलोड करनी होगी। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/बेंचमार्क दिव्यांगजन/महिला/भूतपूर्व सैनिक उम्मीदवारों को

संबंधित प्रमाण पत्र अपलोड करने पर शुल्क से छूट है। निर्धारित शुल्क के बिना आवेदन सरसरी तौर पर निरस्त कर दिए जाएंगे तथा ऐसे निरस्तीकरण के विरुद्ध कोई अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

Candidates are required to pay a non-refundable application fee of ₹500/- for each post code, as per the 'Fee Payment Procedure' available on the website, only through [SBI Collect / online payment gateway]. Payment through any other mode (cash, demand draft, postal order, etc.) shall not be accepted. The transaction number generated on successful payment must be entered correctly in the online application, and the e-receipt must be uploaded. SC/ST/PwBD/Women/Ex-Servicemen candidates are exempted from payment of fee on uploading the relevant certificate. Applications without the prescribed fee shall be summarily rejected, and no representation against such rejection shall be entertained.

g. उम्मीदवार को ऑनलाइन आवेदन में निर्दिष्ट स्थान पर अपनी हाल की पासपोर्ट आकार की स्कैन की हुई रंगीन तस्वीर, हस्ताक्षर [प्रत्येक का अधिकतम आकार 1MB] और संबंधित प्रमाण पत्र [प्रत्येक का अधिकतम आकार 1MB] अपलोड करना होगा।

Candidate is required to upload his/her recent passport size scanned colour photograph, signature each [max size 1 MB] and also relevant certificates [max size 1MB each] at the specified place in the online application.

h. एक बार जमा किए गए आवेदन वापस नहीं लिए जा सकते, और भुगतान किया गया शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, शुल्क को भविष्य की किसी भी परीक्षा या चयन के लिए आरक्षित नहीं रखा जा सकता है।

Applications submitted cannot be withdrawn, and fees paid are non-refundable under any circumstances. Additionally, fees cannot be held in reserve for future examinations or selections.

i. सीजीपीए/एसजीपीए/ओजीपीए/डीजीपीए/सीपीआई ग्रेड आदि देने वाले बोर्डों/विश्वविद्यालयों/संस्थानों के मामले में, उम्मीदवारों को अपने बोर्ड/विश्वविद्यालय/संस्थान के अनुसार सूत्र के आधार पर इसे प्रतिशत में बदलना आवश्यक है। बोर्डों/विश्वविद्यालयों/संस्थानों द्वारा जारी सीजीपीए/एसजीपीए/ओजीपीए/डीजीपीए/सीपीआई ग्रेड आदि को प्रतिशत में बदलने के सूत्र की एक प्रति ऑनलाइन आवेदन में अपलोड की जानी है। यदि लागू हो, तो ऑनलाइन आवेदन पत्र के साथ रूपांतरण सूत्र जमा करने में विफल रहने पर आवेदन को अपूर्ण माना जाएगा।

In case of Boards/Universities/Institutes awarding CGPA/SGPA/OGPA/DGPA/CPI grades etc., candidates are required to convert the same into percentage based on the formula as per their Boards/Universities/Institutes. A copy of conversion formula of CGPA/SGPA/ OGPA/ DGPA/CPI grades etc into percentage, issued by the Boards/Universities/Institutes to be uploaded in the online application. Failure to submit the conversion formula along with the online application form, if applicable, will result in the application being treated as incomplete.

j. प्रत्येक पोस्टकोड के लिए प्रति उम्मीदवार केवल एक आवेदन स्वीकार किया जाएगा। यदि कोई उम्मीदवार एक ही पोस्टकोड के लिए अलग-अलग ईमेल पते का उपयोग करके कई ऑनलाइन आवेदन जमा करता है, तो केवल सबसे हाल ही में पूरा किया गया आवेदन ही माना जाएगा। उम्मीदवारों को अपने रिकॉर्ड के लिए आवेदन प्रिंट-आउट और किसी भी भुगतान विवरण की एक प्रति रखनी चाहिए, क्योंकि ये आवेदन की अंतिम तिथि के बाद उपलब्ध नहीं होंगे।

Only one application per candidate will be accepted for each postcode. If a candidate submits multiple online applications for the same postcode using different email addresses, only the most recent completed application will be considered. Candidates should retain a copy of the application print-out and any payment details for their records, as these will not be available after the application deadline.

k. एक उम्मीदवार कई पोस्टकोड के लिए आवेदन कर सकता है, बशर्ते वह प्रत्येक व्यक्तिगत पोस्टकोड के लिए सभी पात्रता मानदंडों को पूरा करता हो। हालांकि, उम्मीदवार को प्रत्येक पोस्टकोड के लिए अलग से अपेक्षित आवेदन शुल्क के साथ एक अलग आवेदन (प्राथमिक/पंजीकरण विवरण को छोड़कर) पूरा करना होगा।

A candidate can apply for multiple postcodes, provided they fulfill all eligibility criteria for each individual postcode. However, the candidate must complete a separate application (excluding primary/registration details) along with the requisite application fee separately for each postcode.

l. उम्मीदवार को अपने नाम, ईमेल पते और मोबाइल नंबर के साथ पंजीकरण करना होगा। सफल पंजीकरण के बाद, उम्मीदवार ऑनलाइन आवेदन पोर्टल के माध्यम से आवेदन करने के लिए अपनी जानकारी का उपयोग करके लॉग इन कर सकता है। आवेदन पत्र पूरा होने के बाद, उम्मीदवार सभी संबंधित सहायक दस्तावेज़ अपलोड कर सकता है और यह सुनिश्चित करने के लिए आवेदन को सत्यापित या संपादित कर सकता है कि यह सटीक और पूर्ण है। आवेदन को अंतिम रूप देने के बाद, उम्मीदवार को आवेदन पत्र को सफलतापूर्वक जमा करने के लिए ड्राफ्ट आवेदन पर 'सबमिट' पर क्लिक करना होगा और यदि लागू हो तो भुगतान विवरण अपडेट करना होगा। एक बार आवेदन जमा हो जाने के बाद, किसी भी प्रकार के संशोधन या सुधार की अनुमति नहीं होगी। पूर्ण किए गए आवेदन पत्र का प्रिंटआउट रखना महत्वपूर्ण है। उम्मीदवारों को आवेदन जमा करने के बाद इसकी हार्ड कॉपी नहीं भेजनी है। उनसे उचित समय पर हार्ड कॉपी जमा करने का अनुरोध किया जाएगा।

The candidate must register with their name, email address, and mobile number. After successful registration, the candidate can log in using their credentials to apply through the Online Application Portal. Once the application form is completed, the candidate can upload all relevant supporting documents and verify or edit the application to ensure it is accurate and complete. After finalizing the application, the candidate must click 'Submit' on the draft application and update the payment details, if applicable, to successfully submit the application form. Once the application is submitted, no further modifications or amendments will be permitted. It is important to keep a printout of the completed application form. **Candidates should NOT send a hard copy of the application after submission**. They will be requested to submit a hard copy at the appropriate time.

m. एक बार जमा हो जाने के बाद, आवेदन पत्र में किसी भी बदलाव या सुधार के अनुरोध को किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

Once submitted, any request for change or correction in the application form will not be accepted under any circumstances.

n. किसी अन्य व्यक्ति के नाम या तस्वीर का दुरुपयोग करने वाले नकली या मनगढ़ंत आवेदन या पंजीकरण की स्थिति में, उम्मीदवार और/या साइबर कैफे को उचित कानूनी कार्रवाई के लिए जवाबदेह ठहराया जाएगा।

In the event of a fake or fabricated application or registration, that misuses the name or photo of any other person, the candidate and/or cyber cafe will be held accountable for appropriate legal action.

o. वर्तमान में सीएसआईआर/सरकारी संगठनों/स्वायत्त निकायों/सांविधिक निकायों/विश्वविद्यालयों/पीएसयू आदि में नियमित कर्मचारी के रूप में कार्यरत उम्मीदवारों को अपने नियोक्ता से एक 'अनापत्ति प्रमाण पत्र' ऑनलाइन आवेदन के साथ अपलोड करना होगा। ऐसा न करने पर आवेदन को अपूर्ण माना जाएगा।

Candidates currently working in CSIR/Government Organizations/ Autonomous Bodies/Statutory Bodies/Universities/PSU etc., as regular employee, must upload a '**No Objection Certificate**' (NOC)

from their employer, along with their online application. Failure to do so will rendered the application as incomplete.

p. उम्मीदवारों को कोई अलग से बुलावा पत्र नहीं भेजा जाएगा। सभी अधिसूचनाएं और संचार उम्मीदवार द्वारा आवेदन पत्र में दिए गए ईमेल के माध्यम से भेजे जाएंगे।

No separate call letters will be mailed to candidates. All notifications and communications will be sent via email provided by the candidate in the application form.

q. एक आवेदक द्वारा अपने ऑनलाइन आवेदन पत्र में दी गई कोई भी जानकारी उम्मीदवार पर बाध्यकारी होगी। यदि बाद के किसी भी चरण में प्रस्तुत की गई जानकारी या विवरण गलत पाए जाते हैं, तो वह और नागरिक परिणामों के लिए उत्तरदायी होगा।

Any information provided by an applicant in their online application form will be binding on the candidate. They will be liable for prosecution and civil consequences if the information or details submitted are found to be false at any later stage.

r. उम्मीदवार को ऑनलाइन आवेदन में स्पष्ट रूप से घोषित करना होगा कि क्या उसे कभी किसी आपराधिक मामले में गिरफ्तार, अभियोजित अथवा दोषसिद्ध किया गया है; क्या उसके विरुद्ध कोई आपराधिक मामला किसी न्यायालय में लंबित है; अथवा क्या उसे किसी भर्ती एजेंसी/नियोक्ता द्वारा किसी परीक्षा/चयन से विवर्जित किया गया है अथवा सेवा से बर्खास्त/हटाया गया है। ऐसी घोषणा मात्र से उम्मीदवार स्वतः अयोग्य नहीं होगा, किंतु किसी तथ्य को छिपाने अथवा गलत जानकारी देने पर उम्मीदवारी किसी भी चरण पर निरस्त की जा सकती है तथा नियुक्ति के पश्चात ज्ञात होने पर सेवा समाप्त की जा सकती है।

Candidates must clearly declare in the online application whether they have ever been arrested, prosecuted or convicted in any criminal case; whether any criminal case is pending against them in any court; and whether they have been debarred from any examination/selection by any recruitment agency or employer, or dismissed/removed from service. Such a declaration shall not by itself disqualify the candidate. However, suppression of facts or furnishing false information shall render the candidature liable to cancellation at any stage and, if detected after appointment, to termination of service.

s. ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने से संबंधित तकनीकी समस्याओं हेतु उम्मीदवार कार्य दिवसों में [प्रातः 10:00 से सायं 5:30 बजे] के मध्य ई-मेल recruit.ampri@csir.res.in पर संपर्क कर सकते हैं। पात्रता संबंधी प्रश्नों का उत्तर नहीं दिया जाएगा।

For technical issues relating to online submission of the application, candidates may contact the helpdesk on working days between [10:00 AM and 5:30 PM] at e-mail recruit.ampri@csir.res.in. Queries relating to eligibility shall not be entertained.

**नोट:** आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे निर्देशों का सख्ती से पालन करें। ऑनलाइन आवेदन में प्रस्तुत जानकारी को आगे की प्रक्रिया के लिए अंतिम माना जाएगा। ऑनलाइन आवेदन के सत्यापन नियम और डिजाइन विज्ञापन में उल्लिखित आवश्यकताओं पर आधारित हैं और इस संबंध में कोई अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। उम्मीदवारों को विज्ञापन को ध्यान से पढ़ना चाहिए और आवेदन पोर्टल पर "निर्देश" अनुभाग देखना चाहिए। ऑनलाइन आवेदन जमा करना इस बात की गारंटी नहीं है कि उम्मीदवार विज्ञापन में बताए गए सभी पात्रता मानदंडों को पूरा करता है। आवेदन बाद की जांच के अधीन हैं और यदि बाद के चरणों में अपात्रता का पता चलता है तो उन्हें अस्वीकार किया जा सकता है। आरक्षित पदों पर नियुक्तियां, उचित माध्यमों से जाति प्रमाण पत्रों के सत्यापन तक, अनंतिम होंगी। यदि सत्यापन से

पता चलता है कि किसी उम्मीदवार का एससी/एसटी/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस/पीडब्ल्यूबीडी स्थिति का दावा झूठा या गलत है, तो उसकी सेवा तत्काल बिना कोई कारण बताए और किसी भी उचित कानूनी कार्रवाई पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना समाप्त कर दी जाएगी।

Note: Applicants are advised to strictly adhere to the instructions. The information submitted in the online application will be considered as final for further processing. The validation rules and design of the online application are based on the requirements outlined in the advertisement and no representation in this regard will be entertained. Candidates should carefully read the advertisement and refer to the “Instructions” section on the application portal. Submission of an online application does not guarantee that the candidate meets all eligibility criteria stated in the advertisement. Applications are subject to subsequent scrutiny and may be rejected if ineligibility is discovered at later stages. Appointments for reserved positions will be provisional, pending verification of caste certificates through appropriate channels. If verification reveals that a candidate's claim to SC/ST/OBC/EWS/PwBD status is false or incorrect, their employment will be terminated immediately without assigning any reasons and without prejudice to further legal action as deemed fit.

भावी विज्ञान का सृजन-स्मार्ट पदार्थों के संग
Forging Tomorrows' Science with Smart Materials
सीएसआईआर-एम्प्री
CSIR-AMPRI

## 5. चयन प्रक्रिया एवं परीक्षा विवरण **Selection procedure and exam details**

### सभी परीक्षाओं/परीक्षणों हेतु सामान्य निर्देश / General Instructions for all Tests

(a) लिखित परीक्षा, शारीरिक परीक्षण एवं व्यक्तित्व मूल्यांकन परीक्षण सामान्यतः सीएसआईआर-एम्प्री, भोपाल अथवा भोपाल स्थित किसी अन्य केंद्र पर आयोजित किए जाएंगे। तकनीकी अधिकारी एवं तकनीशियन (1) के पदों हेतु ट्रेड टेस्ट, संबंधित ट्रेड/विषय हेतु आवश्यक उपकरणों एवं सुविधाओं की उपलब्धता के आधार पर, सीएसआईआर-एम्प्री, भोपाल में और/अथवा भारत में स्थित किसी अन्य सीएसआईआर प्रयोगशाला/संस्थान अथवा अन्य उपयुक्त केंद्र पर आयोजित किया जा सकता है।
The Written Examination, Physical Test and Personality Assessment Test will ordinarily be held at CSIR-AMPRI, Bhopal, or at any other centre in Bhopal. The Trade Test for the posts of Technical Officer and Technician (1) may be held at CSIR-AMPRI, Bhopal and/or at any other CSIR laboratory/institute or other suitable centre in India, depending on the availability of equipment and facilities required for the concerned trade/subject.

(b) किसी भी परीक्षा/परीक्षण में उपस्थित होने हेतु कोई यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता देय नहीं होगा[, सिवाय भारत सरकार के नियमों के अंतर्गत पात्र अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति उम्मीदवारों के]। उम्मीदवारों को परीक्षा स्थल तक आने-जाने तथा ठहरने की व्यवस्था स्वयं अपने व्यय पर करनी होगी। / No TA/DA will be paid for appearing in any test[, except to SC/ST candidates eligible under Government of India rules]. Candidates shall make their own arrangements for travel to the venue and for stay, at their own expense.

(c) प्रवेश पत्र केवल वेबसाइट https://ampri.res.in से डाउनलोड करने होंगे। वैध प्रवेश पत्र के बिना किसी भी उम्मीदवार को परीक्षा स्थल में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। / Admit cards shall be downloaded only from https://ampri.res.in. No candidate will be allowed entry to the venue without a valid admit card.

(d) उम्मीदवारों को प्रवेश पत्र के साथ मूल वैध फोटो पहचान पत्र (आधार कार्ड/मतदाता पहचान पत्र/पैन कार्ड/पासपोर्ट/ड्राइविंग लाइसेंस) लाना अनिवार्य है। / Candidates must bring an original valid photo identity document (Aadhaar/Voter ID/PAN Card/Passport/Driving Licence) along with the admit card.

(e) प्रवेश पत्र में उल्लिखित रिपोर्टिंग समय के पश्चात परीक्षा स्थल में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। / Entry to the venue will not be permitted after the reporting time stated in the admit card.

(f) मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, कैलकुलेटर, ब्लूटूथ उपकरण अथवा कोई भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण परीक्षा स्थल में ले जाना सख्त वर्जित है। / Mobile phones, smart watches, calculators, Bluetooth devices or any electronic gadgets are strictly prohibited inside the examination venue.

(g) अनुचित साधनों का प्रयोग, प्रतिरूपण (किसी अन्य के स्थान पर परीक्षा देना) अथवा परीक्षा स्थल पर दुर्व्यवहार करने वाले उम्मीदवार की उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाएगी, उसे सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित अवधि के लिए सीएसआईआर-एम्प्री की भर्तियों से विवर्जित किया जा सकेगा तथा उसके विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जा सकेगी। / A candidate found using unfair means, resorting to impersonation, or misbehaving at the venue shall have the candidature cancelled, may be debarred from recruitments of CSIR-AMPRI for such period as decided by the Competent Authority, and shall be liable to legal action.

## 5.1 तकनीकी अधिकारी के लिए चयन प्रक्रिया / Selection Process for Technical Officer:

स्क्रीनिंग समिति द्वारा अनुशंसित उम्मीदवारों को ट्रेड टेस्ट के लिए आमंत्रित किया जाएगा। जो उम्मीदवार ट्रेड टेस्ट में अर्हता प्राप्त करेंगे, उन्हें एक प्रतियोगी लिखित परीक्षा के लिए आमंत्रित किया जाएगा। लिखित परीक्षा से संबंधित विवरण (जिसमें मेंटल एबिलिटी टेस्ट, जनरल अवेयरनेस और अंग्रेजी भाषा तथा संबंधित विषय आदि शामिल हैं) इस प्रकार हैं:

- इस पद के लिए, तीन पेपर होंगे (पेपर I, पेपर II और पेपर III)।
- ट्रेड टेस्ट केवल अर्हकारी प्रकृति का होगा। ट्रेड टेस्ट का तरीका (पद से संबंधित प्रायोगिक/प्रदर्शन आधारित अथवा अन्य) तथा अर्हकारी मानक चयन समिति द्वारा निर्धारित किए जाएंगे। ट्रेड टेस्ट में प्राप्त अंक अंतिम मेरिट सूची तैयार करने हेतु नहीं जोड़े जाएंगे।
- पेपर II और पेपर III का मूल्यांकन केवल उन्हीं उम्मीदवारों के लिए किया जाएगा जो पेपर I में न्यूनतम निर्धारित अंक (चयन समिति द्वारा निर्धारित किए जाने वाले) प्राप्त करते हैं।
- चयन समिति द्वारा योग्यता के लिए कटऑफ अंक निर्धारित करने के बाद, अंतिम योग्यता सूची (मेरिट लिस्ट) केवल पेपर-II और पेपर-III में उम्मीदवारों द्वारा प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार की जाएगी।

The candidates as recommended by the Screening Committee will be invited for a Trade Test. Those who qualify in the Trade Test will be invited for a competitive Written Examination. The related details for the Written Examination (consisting of three papers covering Mental Ability Test, General Awareness & English Language and Concerned Subject etc.) are as under:

- For this post, there will be three papers (Paper I, Paper II & Paper III).
- The Trade Test will be qualifying in nature. The mode of the Trade Test (practical/demonstration-based or otherwise, as relevant to the post) and the qualifying standard will be decided by the Selection Committee. Marks obtained in the Trade Test shall not be counted for preparation of the final merit list.
- Paper II and Paper III will be evaluated only for those candidates who secure the minimum threshold marks (to be determined by the Selection Committee) in Paper I.
- The Final merit list will be prepared only on the basis of the marks obtained by the candidates in Paper-II & Paper-III, after deciding the cutoff marks for merit by the Selection Committee.

| | |
|---|---|
| परीक्षा का तरीका<br>Mode of Examination | ओएमआर आधारित या कंप्यूटर आधारित वस्तुनिष्ठ प्रकार की बहुविकल्पीय परीक्षा / OMR Based or Computer Based Objective Type Multiple Choice Examination |
| प्रश्नों का माध्यम<br>Medium of Questions | अंग्रेजी भाषा के प्रश्नों को छोड़कर, प्रश्न अंग्रेजी और हिंदी दोनों में सेट किए जाएंगे / The questions will be set both in English and Hindi except the questions on English Language. |
| परीक्षा का मानक<br>Standard of Exam | स्नातकोत्तर डिप्लोमा / स्नातकोत्तर / बी.ई. / बी.टेक स्तर (पद की विज्ञापित योग्यता के आधार पर)।<br>Post Graduate Diploma / Post Graduation / B.E. /B.Tech level (based on the advertised qualification of the post). |
| प्रश्नों की कुल संख्या<br>Total No. of Questions | 200 |
| आवंटित कुल समय<br>Total Time Allotted | 3 घंटे / 3 hours @ |

पेपर I (आवंटित समय - 1 घंटा) Paper I (Time Allotted - 1 hour)

| विषय **Subject** | प्रश्नों की संख्या **No. of questions** | अधिकतम अंक **Maximum marks** | ऋणात्मक अंकन **Negative Marks** |
|---|---|---|---|
| मानसिक योग्यता परीक्षण Mental Ability Test* | 50 | 100 (प्रत्येक सही उत्तर के लिए दो अंक) 100 (two marks for every correct answer) | इस पेपर में कोई ऋणात्मक अंकन नहीं होगा / There will be no negative marks in this paper. |

* मानसिक योग्यता परीक्षण को इस प्रकार तैयार किया जाएगा कि इसमें सामान्य बुद्धिमत्ता, मात्रात्मक योग्यता, तर्कशक्ति, समस्या-समाधान, स्थितिजन्य निर्णय, आदि शामिल हों / Mental Ability Test will be so devised so as to include General Intelligence, Quantitative Aptitude, Reasoning, Problem Solving, Situational Judgment, etc.

पेपर-II (आवंटित समय - 30 मिनट) Paper-II (Time Allotted - 30 minutes)

| विषय **Subject** | प्रश्नों की संख्या **No. of questions** | अधिकतम अंक **Maximum marks** | ऋणात्मक अंकन **Negative Marks** |
|---|---|---|---|
| सामान्य जागरूकता General Awareness | 25 | 75 (प्रत्येक सही उत्तर के लिए तीन अंक) 75 (three marks for every correct answer) | प्रत्येक गलत उत्तर के लिए एक ऋणात्मक अंक One negative mark for every wrong answer |
| अंग्रेजी भाषा English Language | 25 | 75 (प्रत्येक सही उत्तर के लिए तीन अंक) 75 (three marks for every correct answer) | प्रत्येक गलत उत्तर के लिए एक ऋणात्मक अंक One negative mark for every wrong answer |

CSIR-AMPRI

पेपर-III (आवंटित समय - 90 मिनट) Paper-III (Time Allotted - 90 minutes)

| विषय **Subject** | प्रश्नों की संख्या **No. of questions** | अधिकतम अंक **Maximum marks** | ऋणात्मक अंकन **Negative Marks** |
|---|---|---|---|
| संबंधित विषय Concerned Subject | 100 | 300 (प्रत्येक सही उत्तर के लिए तीन अंक) 300 (three marks for every correct answer) | प्रत्येक गलत उत्तर के लिए एक ऋणात्मक अंक One negative mark for every wrong answer |

**Syllabus Details:**

- ट्रेड टेस्ट और लिखित परीक्षा के पेपर-III का पाठ्यक्रम व्यापक रूप से शैक्षिक योग्यता के लिए निर्धारित शैक्षणिक पाठ्यक्रम और संबंधित ट्रेड में सीएसआईआर-एम्प्री द्वारा अनुलग्नक पाठ्यक्रम में अधिसूचित (नोटिफाई) किए गए अनुसार होगा / The syllabus for Trade Tests and Paper-III of the Written Examination will be broadly based on the academic syllabus prescribed for educational qualification and as notified by CSIR AMPRI in the relevant trade in the Annexure Syllabus.
- उम्मीदवारों की सामान्य जानकारी के लिए क्षेत्र-वार पाठ्यक्रम सीएसआईआर-एम्प्री की वेबसाइट पर अधिसूचित (नोटिफाई) कर दिया गया है। The area-wise syllabus has been notified for the general information of candidates at the CSIR-AMPRI website.

**टाई के मामलों का समाधान** (सीएसआईआर पत्र सं. 5-1(211)/2014-PD दिनांक 30.05.2023 के अनुसार): यदि दो या दो से अधिक उम्मीदवारों ने समान कुल अंक प्राप्त किए हैं, तो निम्नलिखित क्रम में वरीयता का निर्धारण किया जाएगा, जब तक टाई का समाधान न हो जाए:

i. संबंधित विषय/ट्रेड के प्रश्न-पत्र (पेपर-III) में अधिक अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवार को वरीयता;
ii. संबंधित विषय/ट्रेड के प्रश्न-पत्र (पेपर-III) में कम ऋणात्मक अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवार को वरीयता;
iii. मेरिट हेतु विचारित प्रश्न-पत्रों (पेपर-II एवं पेपर-III) में कम ऋणात्मक अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवार को वरीयता;
iv. जन्म तिथि के आधार पर, आयु में बड़े उम्मीदवार को वरीयता;
v. जिस उम्मीदवार ने अनिवार्य डिग्री पहले प्राप्त की है, उसे वरीयता;
vi. उम्मीदवारों के प्रथम नाम के वर्णानुक्रम के आधार पर।

**Resolution of Tie Cases** (as per CSIR letter No. 5-1(211)/2014-PD dated 30.05.2023): Where two or more candidates have secured equal aggregate marks, the tie shall be resolved in the following order of preference, till the tie is resolved:

- i. Candidate with higher marks in the paper of the concerned subject/trade (Paper-III) placed higher;
  ii. Candidate with lesser negative marks in the paper of the concerned subject/trade (Paper-III) placed higher;
  iii. Candidate with lesser negative marks in the papers considered for preparation of merit (Paper-II & Paper-III) placed higher;
  iv. Date of Birth, with the older candidate placed higher;
  v. Candidate acquiring the essential degree earlier placed higher;
  vi. Alphabetical order in which the first names of the candidates appear.

## 5.2 सुरक्षा अधिकारी के लिए चयन प्रक्रिया Selection Process for Security Officer:

स्क्रीनिंग समिति द्वारा निर्धारित आवश्यक योग्यताओं एवं आयु सीमा के आधार पर अनुशंसित उम्मीदवारों को शारीरिक परीक्षा के लिए आमंत्रित किया जायेगा । शारीरिक परीक्षा पास करने वाले अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा के लिए आमंत्रित किया जायेगा । विवरण इस प्रकार है Candidates recommended by the Screening Committee based on essential qualifications and age limits will be invited for the physical test. Candidates passing the physical test will be invited for the written examination. The details are as follows:

क. शारीरिक मानक / Physical Standards:

| श्रेणी Category | न्यूनतम ऊँचाई आवश्यकता (पुरुष) **Minimum Height Requirement (Male)** | न्यूनतम ऊँचाई आवश्यकता (महिला) **Minimum Height Requirement (Female)** | पुरुषों के लिए न्यूनतम सीने का माप (बिना फुलाए) **Minimum Chest Size Requirement for Males (Unexpanded)** | पुरुषों के लिए न्यूनतम सीने का माप (फुलाकर) **Minimum Chest Size Requirement for Males (Expanded)** |
|---|---|---|---|---|
| सामान्य General | 167 सेमी/cm | 157 सेमी/cm | 80 सेमी/cm | 85 सेमी/cm |
| पहाड़ी क्षेत्र # Hilly Area # | 165 सेमी/cm | 155 सेमी/cm | 80 सेमी/cm | 85 सेमी/cm |
| अनुसूचित जनजाति Scheduled Tribe (ST) | 162.5 सेमी/cm | 154 सेमी/cm | 77 सेमी/cm | 82 सेमी/cm |

# गढ़वाल, कुमाऊं, हिमाचल प्रदेश, गोरखा, डोगरा, मराठा, कश्मीर घाटी, लेह और लद्दाख क्षेत्र, पूर्वोत्तर राज्यों और सिक्किम के पहाड़ी क्षेत्रों से संबंधित उम्मीदवार / Candidates belonging to the hilly areas of Garhwal, Kumaon, Himachal Pradesh, Gorkhas, Dogras, Marathas, Kashmir Valley, Leh and Ladakh regions, North Eastern States, and Sikkim.

ख. शारीरिक परीक्षण का विवरण / Details of Physical Test:

| शारीरिक प्रतियोगिताएं **Physical Events** | पुरुष **Male** | महिला **Female** |
|---|---|---|
| 1600 मीटर दौड़ 1600m Run | 6 मिनट 30 सेकंड 6 minutes 30 seconds | लागू नहीं Not Applicable |
| लंबी कूद Long Jump | 3 प्रयासों में 3.65 मीटर 3.65 meters in 3 attempts | 3 प्रयासों में 2.70 मीटर 2.70 meters in 3 attempts |
| चिन-अप्स Chin-ups | न्यूनतम 06 Minimum 06 | लागू नहीं Not Applicable |
| पुश-अप्स Push-ups | न्यूनतम 12 Minimum 12 | लागू नहीं Not Applicable |

| शारीरिक प्रतियोगिताएं<br>**Physical Events** | पुरुष<br>**Male** | महिला<br>**Female** |
|---|---|---|
| सिट-अप्स<br>Sit-ups | न्यूनतम 10<br>Minimum 10 | न्यूनतम 10<br>Minimum 10 |
| 800 मीटर दौड़<br>800m Run | लागू नहीं<br>Not Applicable | 4 मिनट<br>4 minutes |

ग. <u>लिखित परीक्षा के लिए पाठ्यक्रम / Syllabus for Written Examination:</u>

- जो उम्मीदवार शारीरिक परीक्षा उत्तीर्ण करेंगे, उन्हें लिखित परीक्षा में बैठने की अनुमति दी जाएगी।
  Candidates who pass the physical test will be allowed to appear in the written examination.
- लिखित परीक्षा में दो प्रश्नपत्र होंगे (पेपर-I और पेपर-II)।
  The written examination will consist of two papers (Paper-I and Paper-II).
- पेपर-I ओएमआर आधारित या कंप्यूटर आधारित वस्तुनिष्ठ प्रकार का परीक्षण होगा, जबकि पेपर-II विषयपरक प्रकृति का होगा / Paper-I will be an OMR-based or computer-based objective type test, whereas Paper-II will be subjective in nature.
- पेपर-I के लिए थ्रेशोल्ड (न्यूनतम अर्हता) अंक 30% होंगे।
  The threshold (minimum qualifying) marks for Paper-I will be 30%.
- चयन समिति पेपर-II में भी एक न्यूनतम थ्रेशोल्ड अंक तय करेगी जो 35% से कम नहीं होगा, इसकी जानकारी परीक्षा से पहले उम्मीदवारों को दी जाएगी।
  The Selection Committee will also fix a minimum threshold mark for Paper-II which will not be less than 35%; this will be informed to the candidates prior to the examination.
- अंतिम मेरिट सूची उम्मीदवारों के पेपर-II के प्रदर्शन के आधार पर तैयार की जाएगी। मेरिट सूची में केवल उन्हीं के नाम होंगे जिन्होंने चयन समिति द्वारा निर्धारित न्यूनतम थ्रेशोल्ड अंकों से अधिक अंक प्राप्त किए हों।
  The final merit list will be prepared based on the candidate's performance in Paper-II. Only the names of those who secure marks higher than the minimum threshold marks determined by the Selection Committee will appear in the merit list.
- **परीक्षा का माध्यम:** प्रश्नपत्र द्विभाषी (अंग्रेजी और हिंदी में) तैयार किए जाएंगे और परीक्षा अंग्रेजी या हिंदी माध्यम से दी जा सकती है।
  **Medium of Examination:** Question papers will be set bilingually (in English and Hindi), and the examination can be taken in either English or Hindi medium.
- **परीक्षा का स्तर:** स्नातक स्तर ।
  **Standard of Examination:** Graduate Level.

**<u>पेपर-I (आवंटित समय - 90 मिनट) / Paper-I (Time Allotted - 90 Minutes)</u>**

| विषय<br>**Subject** | प्रश्नों की संख्या<br>**Number of Questions** | कुल अंक<br>**Total Marks** | नकारात्मक अंकन<br>**Negative Marking** |
|---|---|---|---|
| मानसिक योग्यता और व्यक्तित्व मूल्यांकन परीक्षण* | 100 | 100 | इस प्रश्नपत्र में कोई नकारात्मक अंकन नहीं होगा।<br>There will be no negative marking in this paper. |

* इस परीक्षण को इस प्रकार तैयार किया जाएगा कि इसमें सामान्य बुद्धिमत्ता, मात्रात्मक योग्यता, तर्कशक्ति, समस्या समाधान, परिस्थिति जन्य निर्णय आदि शामिल हों / This test will be designed in such a way as to include General Intelligence, Quantitative Aptitude, Reasoning, Problem Solving, Situational Judgment, etc.

# पेपर-I के लिए थ्रेशोल्ड अंक 30% होंगे। दूसरा प्रश्नपत्र केवल उन्हीं उम्मीदवारों के लिए मूल्यांकित किया जाएगा जो पहले प्रश्नपत्र में न्यूनतम थ्रेशोल्ड अंक प्राप्त करेंगे / The threshold marks for Paper-I will be 30%. The second paper will be evaluated only for those candidates who secure the minimum threshold marks in the first paper.

**<u>पेपर-II (आवंटित समय - 2 घंटे)/ Paper-II (Time Allotted - 2 Hours)</u>**

| विषय / Subject | अधिकतम अंक / Maximum Marks |
|---|---|
| बोधगम्यता / Comprehension | 25 |
| रिपोर्ट लेखन / Report Writing | 25 |
| सुरक्षा नियम, अग्निशमन आदि / Security Regulations, Fire fighting, etc. | 25 |
| सामान्य जागरूकता / General Awareness | 25 |

# पेपर-II के लिए न्यूनतम थ्रेशोल्ड अंक चयन समिति द्वारा तय किए जाएंगे जो 35% से कम नहीं होंगे, और इसकी सूचना परीक्षा से पहले उम्मीदवारों को दी जाएगी। अंतिम मेरिट सूची पेपर-II में उम्मीदवारों के प्रदर्शन के आधार पर तैयार की जाएगी। केवल वही नाम मेरिट सूची में दिखाई देंगे जिन्होंने न्यूनतम थ्रेशोल्ड अंकों से अधिक अंक प्राप्त किए हैं / Minimum threshold marks for Paper-II will be decided by the Selection Committee, which will not be less than 35%, and candidates will be informed about this before the examination. The final merit list will be prepared based on the performance of the candidates in Paper-II. Only those names will appear in the merit list who have secured marks above the minimum threshold marks.

शारीरिक मानकों का मापन एवं शारीरिक परीक्षण केवल एक बार आयोजित किया जाएगा; पुनः परीक्षण हेतु कोई अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा। / Measurement of physical standards and the physical test shall be conducted only once; no request for a re-test shall be entertained.

**टाई के मामलों का समाधान** (सीएसआईआर पत्र सं. 5-1(211)/2014-PD दिनांक 30.05.2023 के अनुसार): यदि दो या दो से अधिक उम्मीदवारों ने समान कुल अंक प्राप्त किए हैं, तो निम्नलिखित क्रम में वरीयता का निर्धारण किया जाएगा, जब तक टाई का समाधान न हो जाए:

i. जन्म तिथि के आधार पर, आयु में बड़े उम्मीदवार को वरीयता;

ii. जिस उम्मीदवार ने अनिवार्य डिग्री पहले प्राप्त की है, उसे वरीयता;

iii. उम्मीदवारों के प्रथम नाम के वर्णानुक्रम के आधार पर।

**Resolution of Tie Cases** (as per CSIR letter No. 5-1(211)/2014-PD dated 30.05.2023): Where two or more candidates have secured equal aggregate marks, the tie shall be resolved in the following order of preference, till the tie is resolved:

i. Date of Birth, with the older candidate placed higher;
ii. Candidate acquiring the essential degree earlier placed higher;
iii. Alphabetical order in which the first names of the candidates appear.

## 5.3 सुरक्षा सहायक के लिए चयन प्रक्रिया Selection Process for Security Assistant:

स्क्रीनिंग समिति द्वारा निर्धारित आवश्यक योग्यताओं एवं आयु सीमा के आधार पर अनुशंसित उम्मीदवारों को शारीरिक और व्यक्तित्व मूल्यांकन परीक्षा के लिए आमंत्रित किया जाएगा, जो केवल अर्हकारी प्रकृति की होगी। जो उम्मीदवार शारीरिक और व्यक्तित्व मूल्यांकन परीक्षण में अर्हता प्राप्त करेंगे, उन्हें लिखित परीक्षा/प्रतिस्पर्धी लिखित परीक्षा के लिए आमंत्रित किया जाएगा। / Candidates recommended by the Screening Committee based on essential qualifications and age limits will be invited for the Physical and Personality Assessment Test, which will be purely qualifying in nature. Candidates who qualify in the Physical and Personality Assessment Test will be invited for the Written Examination / Competitive Written Examination.

**चरण-I: कौशल / शारीरिक और व्यक्तित्व मूल्यांकन परीक्षण:**
**Stage-I: Skill / Physical and Personality Assessment Test:**

क. शारीरिक मानक / Physical Standards:

| श्रेणी Category | न्यूनतम ऊँचाई आवश्यकता (पुरुष) Minimum Height Requirement (Male) | न्यूनतम ऊँचाई आवश्यकता (महिला) Minimum Height Requirement (Female) | पुरुषों के लिए न्यूनतम सीने का माप (बिना फुलाए) Minimum Chest Size Requirement for Males (Unexpanded) | पुरुषों के लिए न्यूनतम सीने का माप (फुलाकर) Minimum Chest Size Requirement for Males (Expanded) |
|---|---|---|---|---|
| सामान्य General | 167 सेमी/cm | 157 सेमी/cm | 80 सेमी/cm | 85 सेमी/cm |
| पहाड़ी क्षेत्र # Hilly Area # | 165 सेमी/cm | 155 सेमी/cm | 80 सेमी /cm | 85 सेमी/cm |
| अनुसूचित जनजाति Scheduled Tribe (ST) | 162.5 सेमी/cm | 154 सेमी/cm | 77 सेमी/cm | 82 सेमी/cm |

# गढ़वाल, कुमाऊं, हिमाचल प्रदेश, गोरखा, डोगरा, मराठा, कश्मीर घाटी, लेह और लद्दाख क्षेत्र, पूर्वोत्तर राज्यों और सिक्किम के पहाड़ी क्षेत्रों से संबंधित उम्मीदवार / Candidates belonging to the hilly areas of Garhwal, Kumaon, Himachal Pradesh, Gorkhas, Dogras, Marathas, Kashmir Valley, Leh & Ladakh regions, North Eastern States, and Sikkim.

ख. शारीरिक परीक्षण का विवरण / Details of Physical Test:

| शारीरिक प्रतियोगिताएं<br>**Physical Events** | पुरुष<br>**Male** | महिला<br>**Female** |
|---|---|---|
| 1600 मीटर दौड़<br>1600m Run | 6 मिनट 30 सेकंड<br>6 minutes 30 seconds | लागू नहीं<br>Not Applicable |
| लंबी कूद<br>Long Jump | 3 प्रयासों में 3.65 मीटर<br>3.65 meters in 3 attempts | 3 प्रयासों में 2.70 मीटर<br>2.70 meters in 3 attempts |
| चिन-अप्स<br>Chin-ups | न्यूनतम 06<br>Minimum 06 | लागू नहीं<br>Not Applicable |
| पुश-अप्स<br>Push-ups | न्यूनतम 12<br>Minimum 12 | लागू नहीं<br>Not Applicable |
| सिट-अप्स<br>Sit-ups | न्यूनतम 10<br>Minimum 10 | न्यूनतम 10<br>Minimum 10 |
| 800 मीटर दौड़<br>800m Run | लागू नहीं<br>Not Applicable | 4 मिनट<br>4 minutes |

ग. <u>व्यक्तित्व मूल्यांकन परीक्षण / Personality Assessment Test:</u>

- परीक्षा का तरीका : ओएमआर आधारित या कंप्यूटर आधारित वस्तुनिष्ठ प्रकार (MCQ) परीक्षा ।
  **Mode of Examination:** OMR-based or Computer-Based Objective Type (MCQ) Examination.
- परीक्षा का माध्यम : प्रश्न अंग्रेजी और हिंदी दोनों भाषाओं में सेट किए जाएंगे ।
  **Medium of Examination:** Questions will be set in both English and Hindi.
- प्रश्नों की संख्या : 100 प्रश्न (सामान्य बुद्धिमत्ता, मात्रात्मक योग्यता, तर्कशक्ति, समस्या समाधान, परिस्थिति जन्य निर्णय आदि शामिल होंगे)
  **Number of Questions:** 100 Questions (will include General Intelligence, Quantitative Aptitude, Reasoning, Problem Solving, Situational Judgment, etc.)
- अधिकतम अंक : 100 अंक (प्रत्येक सही उत्तर का 1 अंक। गलत उत्तर के लिए कोई नकारात्मक अंकन नहीं होगा)
  **Maximum Marks:** 100 Marks (1 mark for every correct answer; no negative marking for wrong answers).
- परीक्षा का स्तर : कक्षा 12वीं
  **Standard of Exam:** Class 12th.
- आवंटित समय : 1 घंटा 30 मिनट
  **Time Allotted:** 1 hour 30 minutes.

यह परीक्षण केवल अर्हकारी प्रकृति का होगा और केवल वही उम्मीदवार अर्हता प्राप्त करेंगे जो न्यूनतम थ्रेशोल्ड अंक (चयन समिति द्वारा निर्धारित) प्राप्त करेंगे। हालांकि, न्यूनतम थ्रेशोल्ड अंक किसी भी स्थिति में 30% से कम नहीं होंगे / This test will be qualifying in nature, and only those candidates who secure the minimum threshold marks (determined by the Selection Committee) will qualify. However, the minimum threshold marks will not be less than 30% under any circumstances.

**<u>चरण-II: प्रतिस्पर्धी लिखित परीक्षा:</u>**
**<u>Stage-II: Competitive Written Examination:</u>**

जो उम्मीदवार सुरक्षा सहायक के पद के लिए कौशल/शारीरिक और व्यक्तित्व मूल्यांकन परीक्षण में अर्हता प्राप्त करेंगे, उन्हें लिखित परीक्षा/प्रतिस्पर्धी लिखित परीक्षा के लिए आमंत्रित किया जाएगा। प्रतिस्पर्धी लिखित परीक्षा विषयपरक प्रकृति की होगी Candidates who qualify in the Skill / Physical and Personality Assessment Test for the post of Security Assistant will be invited for the Written Examination / Competitive Written Examination. The Competitive Written Examination will be subjective in nature.

- परीक्षा का माध्यम : प्रश्नपत्र द्विभाषी (अंग्रेजी और हिंदी में) सेट किए जाएंगे और परीक्षा अंग्रेजी या हिंदी माध्यम से दी जा सकती है।
  **Medium of Examination:** Question papers will be set bilingually (in English and Hindi), and the examination can be taken in either English or Hindi medium.
- अधिकतम अंक : 100 अंक (बोधगम्यता - 25 अंक, रिपोर्ट लेखन - 25 अंक, सुरक्षा नियम, अग्निशमन आदि - 25 अंक, सामान्य जागरूकता - 25 अंक)
  **Maximum Marks:** 100 Marks (Comprehension - 25 marks, Report Writing - 25 marks, Security Regulations & Firefighting etc. - 25 marks, General Awareness - 25 marks).
- परीक्षा का स्तर : कक्षा 12वीं
  **Standard of Exam:** Class 12th.
- आवंटित समय : 2 घंटे
  **Time Allotted:** 2 hours.

अंतिम मेरिट सूची प्रतिस्पर्धी लिखित परीक्षा में उम्मीदवारों के प्रदर्शन के आधार पर तैयार की जाएगी और इसमें केवल वही उम्मीदवार शामिल होंगे जो प्रतिस्पर्धी लिखित परीक्षा में न्यूनतम थ्रेशोल्ड अंक (चयन समिति द्वारा निर्धारित) प्राप्त करेंगे। हालांकि, न्यूनतम थ्रेशोल्ड अंक किसी भी स्थिति में 35% से कम नहीं होंगे The final merit list will be prepared based on the candidate's performance in the Competitive Written Examination and will include only those candidates who secure the minimum threshold marks (determined by the Selection Committee) in the Competitive Written Examination. However, the minimum threshold marks will not be less than 35% under any circumstances.

**टाई के मामलों का समाधान** (सीएसआईआर पत्र सं. 5-1(211)/2014-PD दिनांक 30.05.2023 के अनुसार): यदि दो या दो से अधिक उम्मीदवारों ने समान कुल अंक प्राप्त किए हैं, तो निम्नलिखित क्रम में वरीयता का निर्धारण किया जाएगा, जब तक टाई का समाधान न हो जाए:

i. मेरिट हेतु विचारित प्रश्न-पत्र में कम ऋणात्मक अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवार को वरीयता;

ii. जन्म तिथि के आधार पर, आयु में बड़े उम्मीदवार को वरीयता;

iii. जिस उम्मीदवार ने अनिवार्य डिग्री पहले प्राप्त की है, उसे वरीयता;

iv. उम्मीदवारों के प्रथम नाम के वर्णानुक्रम के आधार पर।

**Resolution of Tie Cases** (as per CSIR letter No. 5-1(211)/2014-PD dated 30.05.2023): Where two or more candidates have secured equal aggregate marks, the tie shall be resolved in the following order of preference, till the tie is resolved:

i. Candidate with lesser negative marks in the paper considered for preparation of merit placed higher;
ii. Date of Birth, with the older candidate placed higher;
iii. Candidate acquiring the essential degree earlier placed higher;
iv. Alphabetical order in which the first names of the candidates appear.

## 5.4 तकनीशियन (1) के लिए चयन प्रक्रिया Selection Process for Technician (1):

सीएसआईआर-एम्प्री CSIR-AMPRI

इस उद्देश्य के लिए विधिवत गठित स्क्रीनिंग समिति द्वारा अनुशंसित उम्मीदवारों को ट्रेड टेस्ट के लिए आमंत्रित किया जाएगा । जो उम्मीदवार ट्रेड टेस्ट में अर्हता प्राप्त करेंगे, उन्हें एक प्रतियोगी लिखित परीक्षा के लिए आमंत्रित किया जाएगा। इसमें तीन पेपर होंगे (पेपर-I, पेपर-II और पेपर-III) । पेपर-II और पेपर-III का मूल्यांकन केवल उन्हीं उम्मीदवारों के लिए किया जाएगा जो पेपर-I में न्यूनतम निर्धारित अंक (चयन समिति द्वारा निर्धारित किए जाने वाले) प्राप्त करते हैं । अंतिम योग्यता सूची (मेरिट लिस्ट) केवल पेपर-II और पेपर-III में उम्मीदवारों द्वारा प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार की जाएगी ।

The candidates as recommended by the Screening Committee, duly constituted for the purpose, shall be invited for a Trade Test. Those who qualify in the Trade Test shall be invited for a Competitive Written Examination. There will be three papers (Paper-I, Paper-II & Paper-III). Paper-II & Paper-III will be evaluated only for those candidates who secure the minimum threshold marks (to be determined by the Selection Committee) in Paper-I. The Final merit list will be prepared only on the basis of the marks obtained by the candidates in Paper-II & Paper-III.

लिखित परीक्षा से संबंधित विवरण (जिसमें मेंटल एबिलिटी टेस्ट, जनरल अवेयरनेस और अंग्रेजी भाषा तथा संबंधित विषय आदि शामिल हैं) इस प्रकार हैं / The related details for the Written Examination (consisting of three papers covering Mental Ability Test, General Awareness & English Language and Concerned Subject etc.) are as under:

| परीक्षा का तरीका<br>**Mode of Examination** | ओएमआर आधारित वस्तुनिष्ठ प्रकार की बहुविकल्पीय परीक्षा<br>**OMR Based Objective Type Multiple Choice Examination** |
|---|---|
| प्रश्नों का माध्यम<br>Medium of Questions | अंग्रेजी भाषा के प्रश्नों को छोड़कर, प्रश्न अंग्रेजी और हिंदी दोनों में सेट किए जाएंगे / The questions will be set both in English and Hindi except the questions on English Language |
| परीक्षा का स्तर<br>Standard of exam | SSC+ITI / 12वीं कक्षा<br>SSC+ITI / XIIth Standard |
| कुल प्रश्नों की संख्या<br>Total No. of Questions | 150 |
| कुल निर्धारित समय<br>Total Time Allotted | 2 घंटे 30 मिनट<br>2 hours 30 Minutes@ |

CSIR-AMPRI

पेपर-I (आवंटित समय – 1 घंटा) Paper I (Time Allotted 1 hour)

| विषय<br>**Subject** | प्रश्नों की संख्या<br>**No. of questions** | अधिकतम अंक<br>Maximum marks | ऋणात्मक अंकन<br>Negative Marks |
|---|---|---|---|
| मानसिक योग्यता परीक्षण (जिसमें सामान्य बुद्धिमत्ता, मात्रात्मक योग्यता, तर्कशक्ति, समस्या-समाधान, स्थितिजन्य निर्णय आदि शामिल हैं)<br>Mental Ability Test (include General intelligence, Quantitative Aptitude, Reasoning, problem solving, situational judgement etc.) | 50 | 100 (प्रत्येक सही उत्तर के लिए दो अंक)<br>100 (two marks for every correct answer) | इस पेपर में कोई ऋणात्मक अंकन नहीं होगा ।<br>There will be no negative marks in this paper. |

Paper-II (Time Allotted - 30 minutes)

